मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025
संवत 2082, आश्विन कृष्णपक्ष 6 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 08 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▶▶ अंग्रेजी के पेट में हिंदी का अल्सर

ऐश्वर्या राय की एआई तस्वीरों के इस्तेमाल पर कोर्ट ने लगाई रोक ◀◀ 6



# सरला बिरला स्कूल के बस ने युवती को कुचला, मौत , हंगामा

## मंदिर जाते वक्त हुआ हादसा, बस का पहिया युवती के सिर पर चढ़ा



**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची के खेलगांव चौक में आज शुक्रवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवती की मौत हो गयी। वहीं युवती के साथ स्कूटी पर बैठे उसके छोटे भाई को हल्की चोट आयी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने स्कूटी को टक्कर मारी जिससे युवती सड़क पर गिर गयी। स्कूल बस युवती को कुचलते हुए भाग निकला। घटना सुबह करीब 7 बजे से बतायी जा रही है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी गयी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे सरला बिरला स्कूल की बस जो गलत दिशा में तेज रफ्तार के साथ आ रही थी उसने स्कूटी सवार युवती को कुचल दिया । उसके बाद वहां से बस ड्राइवर बस लेकर फरार हो गया। कोकर इलाके की रहने वाली युवती सुबह-सुबह मंदिर जा रही थी उसी दौरान खेल गांव चौक पर दर्दनाक हादसा हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार की सुबह सरला बिरला स्कूल की बस (संख्या जेएच 01 2303) तेज गति से जा रही थी। इसी दौरान खेलगांव के पास बस ने स्कूटी सवार लड़की को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्रा स्कूटी समेत सड़क पर गिर गई और बस उसे कुचलते हुए निकल गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

इस हादसे के बाद नाराज लोगों ने घंटों खेल गांव चौक को जाम कर दिया। इस दौरान अन्य स्कूल की बसों और अन्य गाड़ियों को भी प्रदर्शनकारियों ने रोक दिया जिस वजह से सड़क घंटों पूरी तरह जाम रहा। घटना स्थल पर ही मृत बच्ची के परिजन शव के साथ प्रदर्शन कर रहे है। मृत बच्ची के परिजनों का हादसे के बाद रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जगह बहुत ज्यादा सड़क हादसे होते है लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से कोई उपाय नहीं किया जाता है, ये चौक सड़क हादसों के लिए बदनाम रहा है। स्कूल की बसें एवं अन्य गाड़ियां तेज रफ्तार के साथ यहां से गुजरती है, इसलिए यहां सड़क हादसे की संभावना हमेशा बनी रहती है।

### घर में घुसकर युवक को मारी गोली, मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** साहिबगंज जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज जयंती ग्राम में बीती रात बदताशों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। व्यक्ति यहां अकेले ही रहता था। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों दरवाजे पर खून से लथपथ शव देखा तब मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। मृतक की पहचान 40 वर्षीय राजकुमार यादव के रूप में हुई। जांच में पता चला कि राजकुमार यादव अपने परिवार वालों से अलग यहां अकेले रहता था। आज सुबह मामले का खुलासा तब हुआ, जब आसपास के ग्रामीणों ने राजकुमार यादव के दरवाजे पर खून से लथपथ उसका शव देखा। स्थानीय लोगों ने परिवार वालों को सूचना देने उपरांत घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी।

हालांकि घटना के कारण का कुछ भी पता नहीं चल सका है। मृतक के परिजन भी कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। वहीं हत्या उपरांत गांव में जमीन विवाद को लेकर हत्या करने की बातें कही जा रही हैं। हालांकि हत्या के कारण का कुछ स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी पुलिस को प्राप्त होने उपरांत मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे पुलिस बाल के साथ और साहिबगंज एसडीपीओ किशोर तिर्की घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक राजकुमार का कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसके साथ ही वह जमीन खरीद खरीद बिक्री करने वाले लोगों के साथ रहता था। पुलिस सभी एंगल से अनुसंधान में जुट गई है।

## लोहरदगा कोर्ट ने हत्या मामले में दोषी पति को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

### पत्नी की हत्या कर घर में ही छिपा दी थी लाश अदालत ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा




**संवाददाता**

**लोहरदगा :** पत्नी के हत्यारोपी को दोषी करार देते हुए व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोषी पाए गए शख्स पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला एडीजे टू नीरजा आसरी की अदालत ने सुनाया है। मामला लोहरदगा जिला के पेशरार थाना क्षेत्र का है। चार साल बाद पीड़ित पक्ष को इंसाफ मिला है और आरोपी को सजा हुई है। यह जानकारी न्यायालय के लोक अभियोजक भारत राम ने दी है।

घरेलू विवाद में कर दी थी पत्नी की हत्या: उन्होंने बताया कि 15 मार्च 2021 को पेशरार निवासी सच्चू महतो ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उसने पत्नी के शव को घर के भीतर ही बंद कर दिया और मौके से फरार हो गया था। जब आसपास के लोगों को संदेह हुआ तो उन्होंने घर का दरवाजा तोड़ा और अंदर दाखिल हुए। घर में महिला की लाश पड़ी थी। इसके बाद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

इस मामले में पेशरार थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिस ने अनुसंधान के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करीब चार वर्षों तक यह मुकदमा चला। इस दौरान अदालत ने 10 गवाहों के बयान दर्ज किए। गवाहों के बयानों और पुलिस के ठोस सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी सच्चू महतो को पत्नी की हत्या का दोषी करार दिया और सजा सुनाई।

## मोबाइल नहीं मिलने से नाराज 12 साल के बच्चे ने की आत्महत्या

**दुमका:** जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां मां ने स्मार्टफोन खरीदने से मना किया तो 12 वर्षीय एक लड़के ने अपने घर पर कथित रूप से आत्महत्या कर ली।

घटना सरैयाहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मथाकेशो गांव में घटी। सरैयाहाट थाने के प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि लड़का अपनी मां बद्रिका देवी (40) से अक्सर स्मार्टफोन दिलवाने की मांग को लेकर झगड़ा करता था, लेकिन मां ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए स्मार्टफोन खरीदने से इनकार कर दिया था। बीते गुरुवार को सुबह लड़का स्कूल से लौटा और फोन को लेकर उसकी अपनी मां से फिर बहस हुई।

दोपहर में मां पास के एक खेत से लौटीं तो उसने अपने बेटे को अपने कच्चे घर की छत से कपड़े के सहारे फंदे पर लटका पाया। वहीं, घटना के बाद से मां का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक लड़के के पिता बेंगलुरु में संविदा मजदूर के रूप में काम करते हैं।

## सीएसपी संचालक से लाखों की लूट

**पाकुड़:** जिले में लुटेरों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है । अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के सिंगारसी पंचायत अंतर्गत पकलो गांव में स्थित एसबीआई सीएसपी संचालक रंजीत भगत के साथ लूट हुई है। यहां के अमड़ापाड़ा से पकलों गांव जाने के दौरान बोका मोड़ के पास हथियारबंद अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में अपराधियों ने सीएसपी संचालक से लाखों की लूट की है।

इस मामले की जानकारी देते हुए बताया गया कि दो बाइक पर सवार हो कर आए अपराधियों ने सीएसपी संचालक के लैपटॉप, कैश के साथ बाइक भी अपने साथ ले गए। सूचना के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के दसगोड़ा की ओर भागे हैं। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम कारवाई में जुट गई है। लिट्टीपाड़ा पुलिस भी अलग अलग ठिकानों पर अभियान में जुटी है।

## 14 सितंबर से श्रद्धालुओं के लिए फिर खुलेगा मां वैष्णो का दरबार



**कटरा/जम्मू :** श्री माता वैष्णो देवी के भक्तों का लंबा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। पिछले महीने हुए जानलेवा भूस्खलन के बाद अस्थायी रूप से स्थगित की गई यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला ले लिया गया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि अगर मौसम अनुकूल रहा, तो 14 सितंबर से पवित्र यात्रा एक बार फिर शुरू कर दी जाएगी, जिसके बाद कटरा से भवन तक का मार्ग जय माता दी के जयकारों से गूंज उठेगा।

श्राइन बोर्ड ने जानकारी दी कि भारी बारिश और भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुए यात्रा मार्ग की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया गया है। हालांकि, बोर्ड ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा पर निकलने से पहले मौसम की ताजा जानकारी और बोर्ड द्वारा जारी की गई एडवाइजरी पर जरूर नजर रखें। मौसम के विपरीत होने पर बोर्ड आगे का निर्णय लेगा। उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त को अर्धकुंवारी के पास इंद्रप्रस्थ भोजनालय के निकट भारी बारिश के कारण हुए एक विनाशकारी भूस्खलन में 34 तीर्थयात्रियों की दुखद मृत्यु हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे। इसी हादसे के बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यात्रा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया था। यात्रा के पुनः शुरू होने की खबर से स्थानीय व्यापारियों और श्रद्धालुओं में खुशी की लहर है। 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं, जिसे देखते हुए व्यापारी लगातार श्राइन बोर्ड से स्थिति स्पष्ट करने की मांग कर रहे थे। यात्रा शुरू होने से नवरात्र के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को माता के दर्शन का अवसर मिल सकेगा। वहीं, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

# दिल्ली हाई कोर्ट में बम की धमकी से मचा हड़कंप ईमेल में लिखा- नमाज के बाद होगा धमाका




**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली में बम की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट को एक ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद परिसर में हड़कंप मच गया। धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया कि जजों के चैंबर सहित परिसर में तीन बम रखे गए हैं और दोपहर की नमाज के बाद धमाका होगा। इस खबर के मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं और पूरे परिसर को खाली करा लिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, आज (शुक्रवार, 12 सितंबर) दिल्ली हाई कोर्ट को मिले ईमेल में लिखा था, आज दोपहर की इस्लामी नमाज के तुरंत बाद जजों के चैंबर में विस्फोट हो जाएगा। ईमेल में दोपहर 2 बजे तक परिसर को खाली करने का अल्टीमेटम भी दिया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, दिल्ली पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे हाई कोर्ट परिसर से जजों, वकीलों और अन्य स्टाफ को बाहर निकाला गया और एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया गया है, जो अभी भी जारी है।

गौरतलब है कि हाल के महीनों में दिल्ली के स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और यहां तक कि मुख्यमंत्री सचिवालय को भी इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं। हालांकि, पिछली सभी धमकियां जांच के बाद फर्जी निकली थीं। पुलिस का मानना है कि यह धमकी भी उसी श्रृंखला की एक कड़ी हो सकती है, लेकिन किसी भी तरह का जोखिम न उठाते हुए मानक प्रक्रिया के तहत पूरी जांच की जा रही है।

दिल्ली पुलिस की साइबर सेल इस ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुट गई है। शुरूआती जांच में यह संदेह जताया जा रहा है कि यह ईमेल भी वीपीएन का इस्तेमाल कर भेजा गया हो सकता है, जैसा कि पहले के मामलों में देखा गया है।

### दिल्ली के बाद अब बॉम्बे हाईकोर्ट को मिली बम की धमकी, परिसर खाली कराया जा रहा

**मुंबई :** दिल्ली के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मौके पर बम निरोधक दस्ता पहुंच रहा है। फिलहाल पूरे परिसर को खाली कराया जा रहा है। पुलिस चप्पे-चप्पे की तलाशी ले रही है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट में बम की धमकी मिलने से वकीलों और न्यायाधीशों दोनों में ही दहशत फैल गई। न्यायाधीश अचानक उठकर खड़े हो गए। यह अफरा-तफरी एक ईमेल के बाद हुई, जिसके जरिए न्यायालय प्रशासन को उच्च न्यायालय पर हमले की धमकी मिली। इसके बाद पुलिस और अन्य एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों के मुताबिक, यह ईमेल महापंजीयक को सुबह लगभग 8 ।39 बजे मिला और कुछ न्यायाधीशों को इसकी सूचना दी गई।

## सीपी राधाकृष्णन बने उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

### इस्तीफे के बाद पहली बार नजर आए जगदीप धनखड



**नई दिल्ली :** भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को शपथ ग्रहण कर ली है। राष्ट्रपति भवन में लगभग सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्र सरकार के कई मंत्री उपस्थित थे।

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शामिल हुए, जो उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे भी समारोह में मौजूद रहे, जबकि विपक्ष के अन्य नेता भी आए, लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुजरात दौरे के कारण शामिल नहीं हो पाए।

सीपी राधाकृष्णन ने 9 सितंबर को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद गुरुवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को सौंपा गया है।

# भारी बारिश के बीच भीषण लैंडस्लाइड, चार की मौत

## तीन लोग अभी भी मलबे में दबे



**गंगटोक :** सिक्किम में भारी बारिश के बीच लैंडस्लाइड होने से 4 लोगों की मौत हो गई। तीन लोग अभी लापता बताए गए हैं। फिलहाल, लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। भारी बारिश के बीच प्रशासन ने जोखिम वाले क्षेत्रों के निवासियों से सतर्क रहने की अपील की है।

जानकारी सामने आई है कि पश्चिम सिक्किम के यांगथांग विधानसभा क्षेत्र के अपर रिमबी में गुरुवार देर रात यह घटना हुई। सूचना मिलने के बाद पुलिस, स्थानीय लोगों और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने मिलकर राहत और बचाव अभियान शुरू किया।

इसी बीच, पुलिस ने उफनती हुम नदी पर पेड़ों के तनों से एक अस्थायी पुल बनाकर दो घायल महिलाओं को बचाया। दोनों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। दूसरी महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। गेयजिंग के पुलिस अधीक्षक त्सेरिंग शेरपा ने बताया कि भूस्खलन में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। यांगथांग के स्थानीय विधायक और श्रम मंत्री भीम हांग लिंबू रात करीब 2 बजे घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्यों का नेतृत्व किया। उन्होंने भारी बारिश और क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण आई चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि समन्वित प्रयासों से पीड़ितों को निकालना संभव हुआ। इससे पहले, सोमवार आधी रात को सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में भूस्खलन हुआ था, जिसमें थांगशिंग गांव के 45 वर्षीय बिष्णु की मौत हो गई थी।

## महिला को जिंदा खा गया बाघ, परिवार को मिला कपड़ा और पैर का टुकड़ा



**पश्चिमी चंपारण:** एक दिल दहाने वाली घटना सामने आई है। गौनाहा प्रखंड के मटियारिया थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में एक ऐसी घटना हुई जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के गोबर्धना जंगल से निकले एक बाघ ने मवेशी चराने गई 60 वर्षीय उमछी देवी पर हमला कर उनकी जान ले ली। सोनबरसा गांव निवासी खेलावन महतो की पत्नी उमछी देवी गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे मवेशियों को चराने के लिए गांव से करीब 500 मीटर दूर द्वारदह नदी के पास गई थीं। इसी दौरान जंगल से निकले बाघ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बाघ ने उमछी देवी को बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया। आसपास मवेशी चरा रहे लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया, लेकिन तब तक उमछी देवी की मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार, बाघ ने उमछी देवी को लगभग 200 मीटर तक घसीटा। घटनास्थल पर केवल उनके फटे हुए कपड़े और एक पैर का हिस्सा ही मिला, जबकि शव का बाकी हिस्सा गायब था। इस दृश्य ने ग्रामीणों को और भी डरा दिया। आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचे, तो बाघ पहले ही भाग चुका था। घटना की सूचना मिलते ही मटियारिया थाना पुलिस और गोबर्धना रेंज के रेंजर सत्यम शर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन अधिकारियों ने बताया कि बाघ के पगमार्कों का विश्लेषण शुरू कर दिया गया है और उसकी तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने शरीर के शेष भाग को जांच के लिए भेज दिया है। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले 11 अगस्त 2025 को गोबर्धना रेंज के खैरहनी गांव में बाघ ने 65 वर्षीय किसान मथुरा महतो की जान ली थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश को बढ़ा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही के कारण बाघ बार-बार गांवों में घुस रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### प्रखंड कार्यालय में बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

मुरी: भाजपा के सिल्ली मंडल सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष द्विपक्षीय मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें स्व. सूर्या हांसदा के एनकाउंटर का सीबीआई जांच और दोषियों
को गिरफ्तार करने और नगड़ी में रैयतों को रिम्स -2 के नाम पर जमीन वापस करने की बात कही गयी है। इससे पहले हेमन्त सोरेन होश में आओ, हेमंत सोरेन मुर्दाबाद,स्व. सूर्या हांसदा के एनकाउंटर का सीबीआई जांच हो, सूर्या हंसदा के परिवार को मुआवजा दो, आदिवासी की जमीन लुटना बंद करो, आदिवासी पर फर्जी मुकदमा वापस लो के नारे लगाए गए, रैयतों की जमीन वापस हो ।

### दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाना पड़ा मंहगा, किया गया अपमानित

**सिल्ली :** एक और जहां सरकार घायल लोगों की जान बचाने के लिए आमजन को भी मसीहा बनने तथा इनाम देने की बात कहती है ताकि यह कदम सड़क हादसों में मौतों की संख्या घटाने और लोगों को गोल्डन ऑवर के भीतर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा बदलाव साबित हो सकें. वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा खून से लथपथ घायल व्यक्ति को उठाकर अस्पताल पहुंचाने वाले को अपमानित करने का एक मामला प्रकाश में आया है। दरअसल 31 अगस्त करमा पूजा के दिन रात के करीब साढ़े 9 बजे एक अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक में सवार दो युवक मुरी रेलवे ओवर ब्रिज के समीप मुरी रांची मुख्य सड़क किनारे झाड़ी पर गिरे थे। इस दौरान कुछ युवकों ने तुलीन की ओर से आ रहे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पश्चिम बंगाल चुनाव प्रभारी राजू महतो को रोका था। उसने घायल युवकों की स्थिति को देखते हुए स्थानीय मुरी ओपी थाना एंव सिल्ली थाना को दुर्घटना की जानकारी के लिए फोन पर सम्पर्क किया था। राजू महतो ने पुलिस की ओर से कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर स्वयं अपने निजी गाड़ी में खून से लथ पथ घायल को बैठा कर नर्सिंग होम मुरी पहुंचाया था, हालांकि युवक का मौत हो गया। पुलिस के अपमानित करने से राजू महतो काफी आहत है उन्होंने क्षेत्र में लोगों की सूचना पर एक नही दर्जनों सड़क दुर्घटना में लोगों को अस्पताल पहुंचाने का किया है।

### सातधारा संगम से अज्ञात व्यक्ति का शव एनडीआरएफ ने किया बरामद

**तोरपा :** थाना क्षेत्र के सातधारा संगम में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पलाश के पेड़ में फंसा हुआ मिला है, जिसे एनडीआरएफ की एक विशेष टीम ने बड़े ऑपरेशन के बाद बरामद किया है।
यह घटना 9 सितंबर की शाम की है, जब स्थानीय लोगों ने कारो नदी में तेज बहाव के बीच एक शव देखा। लोगों ने इसकी सूचना तोरपा थाना पुलिस को दी। हालांकि, नदी में उफान और तेज बहाव के कारण शव उस स्थान से बह गया। इसके बाद तोरपा और रनिया थाने के चौकीदारों ने लगभग दस किलोमीटर के दायरे में नदी के दोनों ओर दो दिनों तक शव की तलाश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। अंततः गुरुवार को नदी में मछली पकड़ रहे मछुआरों ने शव को सातधारा संगम के पास एक पलाश के पेड़ में फंसा हुआ देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची तोरपा थाना पुलिस और 30 सदस्यों वाली एनडीआरएफ की टीम ने एक जटिल ऑपरेशन के बाद शव को नदी से बाहर निकाला। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। माना जा रहा है कि यह शव उच्च स्थानों से बहकर यहां आया है।

### जेएलकेएम नेत्री शिल्पा महतो पहुंची उलिहातू, कहा- बिरसा हमारे भगवान हैं

**उलिहातु/अड़की:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) नेत्री शिल्पा महतो ने शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू, का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा से मुलाकात कर उनका चरण स्पर्श किया और उनके परिवार का हाल-चाल जाना। इसके बाद शिल्पा महतो बिरसा ओड़ा पहुंचीं, जहाँ उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राज्य की खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात, उन्होंने बिरसा मुंडा कॉम्प्लेक्स स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का माल्यार्पण किया।
मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए शिल्पा महतो ने कहा, बिरसा मुंडा हमारे भगवान हैं। उनका दर्शन करने और चरण स्पर्श करने उलिहातु आए हैं, यहां आकर अच्छा लगा। शिल्पा महतो ने इस अवसर पर कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने की लंबे समय से चली आ रही मांग को फिर से उठाया। उन्होंने कहा, हम कुड़मी समुदाय 1911, 1921 और 1931 की जनगणना में आदिवासी सूची में शामिल थे। देश की आजादी के बाद टीआरआई (ट्राइबल रिसर्च इंस्टिट्यूट) की रिपोर्ट के आधार पर 1951 में हमें आदिवासी सूची से बाहर कर दिया गया, जो एक ऐतिहासिक भूल थी। जिसे प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी माना था। उन्होंने कुड़मी समुदाय के आदिवासी चरित्र को साबित करते हुए कहा, हम कुड़मी आदिकाल से नदियों के किनारे बसे हैं। हमारे 81 गोत्र हैं, हम प्रकृति के पुजारी हैं और खेत, खलिहान, पेड़-पौधे, पहाड़ और नदियों की पूजा करते हैं। हमारी अपनी भाषा कुड़माली है। हमारा रहन-सहन, पोशाक-पहनावा और तीज-त्योहार (जैसे करम, सरहुल) हर रूप से साबित करता है कि हम आदिवासी हैं। शिल्पा महतो ने झारखंड राज्य आंदोलन में कुड़मी समुदाय के योगदान को याद दिलाते हुए कहा, झारखंड अलग राज्य बनने के समय कुड़मियों को 'गैर-सरकारी आदिवासी' कहा गया, तब जाकर झारखंड अलग राज्य बना। इसके लिए निर्मल महतो शहीद हुए और हजारों कुड़मियों ने खून बहाया और संघर्ष किया। फिर भी, हमारे विरुद्ध साजिश जारी है। तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने 2004 में, पूर्व सांसद शिबू सोरेन और पद्मश्री राम दयाल मुंडा जी ने भी कुड़मियों को आदिवासी श्रेणी में शामिल करने की बात कही थी। हमारे नेता और जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष डुमरी विधायक जयराम महतो लगातार इसका संवैधानिक हल निकालने की बात कहते आ रहे हैं। अपने भाषण के अंत में, शिल्पा महतो ने पार्टी की ही एक नेत्री निशा भगत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ऐसे में निशा भगत जैसी नेत्री का विरोध समझ से परे है। हमारी पार्टी ने उन्हें पहचान दी और विधानसभा चुनाव में टिकट दिया। पर अब वो हमारे केंद्रीय अध्यक्ष (जयराम महतो) पर ही गलत बयानबाजी कर रही हैं, जो कि पूरी तरह से गलत है।

### उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंड कर्रा का किया निरीक्षण

**खूंटी :** उपायुक्त आर. रॉनिटा ने आज आकांक्षी प्रखंड कर्रा का एक व्यापक दौरा किया और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और राशन दुकानों का निरीक्षण किया तथा बाद में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी किए।सबसे पहले, उपायुक्त ने राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय हारुहप्पा, कर्रा का दौरा किया।

# मुख्यमंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र, पर्यटन विभाग की नई वेबसाइट और लोगो का किया लोकार्पण

**संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रालय में कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया है। सभी नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत चयनित उम्मीदवार हैं। इसके साथ ही सीएम ने झारखंड पर्यटन विभाग एवं झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के नये बेवसाइट का लोकार्पण किया। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर उनके चेहरे पर खुशियां देखी गई। सभी ने सीएम का धन्यवाद ज्ञापित किया।
सीएम हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अभियार्थियों को शुभकमनयें दीं। साथ ही कहा कि आज से आप लोग राज्य सरकार का हिस्सा बन चुके हैं। आप अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। खासकर शहरी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाएं बेहतर बनाने में आपकी भूमिका अहम होगी।
सीएम ने कहा कि गांवों से शहरों की ओर



तेजी से हो रहा पलायन शहरीकरण को बढ़ा रहा है। इस कारण शहरों का आकार और जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शहरी क्षेत्रों का योजनाबद्ध और व्यवस्थित विकास अत्यंत आवश्यक है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने आगाह किया कि अगर शहरी विकास अव्यवस्थित रहा तो भविष्य में कई जटिल समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सीएम ने कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। आज जेटीडीसी के नए लोगो और वेबसाइट के लोकार्पण से हम राज्य के पर्यटन स्थलों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित कर सकेंगे। इसके झारखंड में टूरिस्टों आकर्षित होंगे और उनकी संख्या भी बढ़ेगी। झारखंड में पर्यटन विकसित हो जाएगा तो प्रदेश की आमदनी बढ़ोतरी हो जाएगी। रोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे। इससे न सिर्फ स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी समृद्धि आएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का विशेष फोकस पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास पर है। इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू सहित राज्य के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## वाहन जांच अभियान में पुलिस को मिली सफलता

# मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, दो बाइक बरामद



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी सफलता पाई है। पुलिस को यह सफलता वाहन जांच के क्रम में मिली है। पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में वाहन गिरोह के एक चोर लक्ष्मण कुमार को पकड़ा। चोर की निशानदेही पर पूर्व में चोरी की गई मोटरसाइकिल कांड का उद्भेदन हुआ। अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार सुमन ने बताया कि कांड सं. 149/25 दिनांक 27.07.25 धारा-303(2) बी. एन. एस में मोटरसाईकिल चोरी में कांड दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में सक्रिय चोर भ्रमणशील है। सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर पांडेयपुरा सड़क की ओर करमा में वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल संख्या बीआर 02 एटी -1641 पर एक व्यक्ति प्रतापपुर की तरफ से आता दिखाई दिया।। चेकिंग में पुलिस पदाधिकारी को देखते हुए चालक मोटरसाइकिल घुमाकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस कर्मियों ने दौड़कर मोटरसाइकल चालक को पकड़ा। हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने अपना नाम लक्ष्मण कुमार (23 वर्ष) पिता अम्बिका साव ग्राम टंडवा थाना प्रतापपुर बताया। गाड़ी का कागजात की मांग करने पर चोरी की गाड़ी बतायी गई। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि उसके पास से मोबाइल फोन बरामद किया गया। मोबाइल में कुछ मोटरसाइकिल की तस्वीर थी। पूछताछ करने पर बताया कि सभी तस्वीर चोरी किए गए मोटरसाइकिल की है। इसकी निशानदेही पर एक अन्य हीरो स्पलेण्डर मोटर साईकिल बरामद की गई। साथ ही चोरी गई मोटर साईकिल की डिक्की को बरामद की गई। साथ ही अन्य चोरी की गई मोटरसाइकिल की बरामदगी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।।अनु पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार चोर के खिलाफ बिहार के रौशनगंज थाना क्षेत्र में चोरी का मामला दर्ज है। गिरफ्तार चोर को हंटरगंज थाना कांड स. 149/25 दिनाक 27.07.25 धारा-303(2) बीएनएस में गिरफ्तार किया गया है।छापामारी दल में पुअनि सह थाना प्रभारी प्रभात कुमार थाना प्रभारी, हंटरगंज,पुअनि रूपेश कुमार,सअनि शिव शंकर गोप,थाना एवं पांडेयपुरा पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं का हल्ला बोल किया प्रदर्शन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा:** झारखंड की हेमंत सरकार के खिलाफ शुक्रवार को कोडरमा प्रखंड मुख्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कोडरमा विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव ने किया। इस दौरान राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और जनविरोधी कार्यशैली के गंभीर आरोप लगाए गए। प्रदर्शन से पहले कार्यकर्ता भारी बारिश के बीच चिल्ड्रन पार्क के समीप एकत्रित हुए। वहां से डॉ. यादव के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गई, जो शिवतारा स्कूल होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंची और सभा में तब्दील हो गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने ॒हेमंत सरकार होश में आओ, सूर्य हांसदा अमर रहे, आदिवासी-किसानों की जमीनें वापस करो॒ जैसे नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. नीरा यादव ने हेमंत सरकार पर आदिवासियों और किसानों की जमीन जबरन छीनने, भ्रष्टाचार फैलाने और फर्जी एनकाउंटर कर आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को भी लूट-खसोट का जरिया बना दिया है, जिससे झारखंड की जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रिम्स-2 परियोजना के नाम पर लोगों की जमीन हड़पी जा रही है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने पोस्टर-बैनर के साथ सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। भाजपा कार्यकताओं का कहना था कि सरकारी कार्यालयों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार फैला है। जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, म्यूटेशन व योजनाओं का लाभ भी बिना रिश्वत संभव नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुनील पंडित ने की, संचालन अजय पांडेय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुधीर सेठ ने दिया।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रखंड के रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज में छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बीडीओ सह सीडीपीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, प्रवेक्षिका माधवी सिंहा, मनीषा गुप्ता, प्राचार्य अनूप कुमार, शिक्षक उमेश कुमार, विनय कुमार और आशुतोष कुमार सिन्हा शामिल थे। इस दौरान छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा छात्राओं को बाल विवाह और उसके अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक बुराई के साथ कानूनन अपराध भी है।जो छात्रों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है, यह उनके सपनों को साकार होने से रोकती है।वही विद्यालय प्राचार्य ने कहा बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है।उन्होंने बताया कि बाल विवाह करना कानूनन जुर्म है। आगे उन्होंने छात्रों से गुरुदक्षणा के रूप में 18 वर्ष से पहले विवाह नहीं करने की अपील की, इस दौरान उन्होंने टोल फ्री महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर जानकारी देने की अपील की।महिला प्रवेक्षिका मनीषा गुप्ता ने कहा कि शादी की उम्र लड़की के लिए 18 वर्ष व लड़का के लिए 21 वर्ष निर्धारित किया गया है। इस उम्र में शादी करने पर उसे उसके होने बाले बच्चे स्वस्थ और तंदुरुस्त होता है।जो व्यक्ति अपनी लड़की कि शादी 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करता है उसे दो साल का जेल या एक लाख रुपए जुमार्ना देना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आप सभी आपने माता पिता को समझाएं कि कम उम्र में शादी ना करें और बच्चों को पढ़ाने लिखने का अवसर प्रदान करें ताकि बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़े। इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राओं ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली।

# डीसी ने दी समयबद्ध कार्य पूर्ण करने की हिदायत

**चतरा:** उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अधिकतम लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने, अस्पतालों में आयुष्मान वार्ड स्थापित करने तथा जहाँ आयुष्मान मित्र उपलब्ध नहीं हैं वहाँ शीघ्र बहाली करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक से अधिक मरीजों का इलाज सुनिश्चित करेंगे, उन्हें चयनित कर सम्मानित किया जाएगा। ई-संजीवनी पोर्टल पर चिकित्सकों की सक्रियता बढ़ाने और निष्क्रिय पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कुपोषण उन्मूलन पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए उपायुक्त ने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) भेजने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एएनसी जांच एवं नियमित टीकाकरण की अनिवार्यता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।उपायुक्त ने जिले के निमार्णाधीन स्वास्थ्य भवनों एवं उपकेंद्रों के कार्य शीघ्र पूरा करने, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा बाल लिंगानुपात सुधार हेतु पीसीपीएंडटी एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कायाकल्प योजना के अंतर्गत सदर अस्पताल एवं चयनित स्वास्थ्य केंद्रों का शीघ्र मूल्यांकन कराने की बात भी कही।बैठक के दौरान मानव संसाधन प्रबंधन से जुड़े निर्णय भी लिए गए। उपायुक्त ने चतरा प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में वर्तमान डीएस को प्रभारी पद से मुक्त कर किसी अन्य चिकित्सा पदाधिकारी को चार्ज देने की बात कही। चतरा प्रखंड डाटा मैनेजर के मातृत्व अवकाश पर रहने के कारण हंटरगंज बीडीएम को सप्ताह में दो दिन चतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) को निर्देश दिया गया कि सितंबर माह तक सभी रिक्त अनुबंध कर्मियों की नियुक्ति पूरी कर ली जाए।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रतापपुर को प्रतिरक्षण में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण पूछा गया।

# पतरा आश्रम, मैदान व जंगल में साकू को लेकर विवाद गहराया, आम सभा में टकराव

## सदियों पुरानी परंपरा और जमीन के मालिकाना हक पर सवाल, प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती

**संवाददाता**

**खूंटी :** शहर के डीएवी रोड स्थित पतरा आश्रम मैदान (साकु आश्रम टांड़) को लेकर सदियों पुरानी परंपरा और जमीन के मालिकाना हक को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले में गुरुवार को नगर भवन में एक आम सभा बुलाई गई, जहाँ विभिन्न पक्षों के बीच तीखी बहस हुई और सैकड़ों साल से चली आ रही साझी परंपरा अचानक एक जटिल विवाद में बदलती नजर आई।
यह आम सभा नगर पंचायत खूंटी द्वारा केंद्रीय रामनवमी महासमिति और अखिल भारतीय सरना समाज खूंटी के आवेदन पर बुलाई गई थी। इसका उद्देश्य 6.45 एकड़ के उक्त जंगल भूखंड पर सामुदायिक वन अधिकार के तहत सामुदायिक अधिकारों के दावे पर चर्चा करना था। इस महत्वपूर्ण सभा में अंचल निरीक्षक सुकेश रंजन, राजस्व कर्मचारी दिनेश अधिकारी, प्रभारी वनपाल प्रवीण सिंह और नगर पंचायत के कर्मचारियों के अलावा दोनों संगठनों के पदाधिकारी, पूर्व जमींदार के वंशज और सैकड़ों की संख्या में आम लोग शामिल हुए। केंद्रीय रामनवमी महासमिति के महामंत्री जितेंद्र कश्यप और अखिल भारतीय सरना समाज खूंटी के अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा समेत कई लोगों ने दावे का समर्थन करते हुए कहा कि जब से खूंटी में सरहुल और रामनवमी महोत्सव की शुरूआत हुई है, तभी



से उक्त भूखंड पर यह आयोजन होता रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दशकों से चली आ रही इस साझी सांस्कृतिक परंपरा को बनाए रखने के लिए जमीन को इन आयोजनों के लिए सुरक्षित किया जाना चाहिए। हालाँकि, मामले ने तब और जटिल रूप ले लिया जब खूंटी के हुटुबदाग गाँव के निवासी सभा में पहुँचे। उन्होंने अपने कागजात दिखाते हुए जमीन पर अपना पुश्तैनी मालिकाना हक होने का दावा पेश किया। उन्होंने इस आम सभा के एजेंडे पर ही सवाल उठाते हुए कहा, हाँ, इस जगह पर मेला और विसर्जन का कार्य आपसी सहमति से होता आया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह जमीन किसी और की है। यह जमीन हमारी है और हम इस पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेंगे।
अब सवाल यह है कि इस पूरे विवाद में आगे की कार्रवाई क्या होगी। एक तरफ सैकड़ों वर्षों की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा है, तो दूसरी तरफ निजी मालिकाना हक का दावा है। क्या प्रशासन दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता करा पाएगा? क्या अगले साल रामनवमी का मेला और सरहुल विसर्जन इसी ऐतिहासिक स्थल पर होगा, या फिर यह जमीन विवाद का शिकार होकर टुकड़ों में बँट जाएगी?
सभी की निगाहें अब प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं, जिसे सद्भावना बनाए रखते हुए इस नाजुक मामले को सुलझाने की बड़ी चुनौती का सामना है।शिल्पा महतो ने उलिहातु में धरती आबा के वंशज का चरण स्पर्श किया, कुड़मी समुदाय की आदिवासी पहचान की मांग को दोहराया।

# शिक्षकों के अंतर-जिला तबादले पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

## नवरात्रि के बाद होगी अगली सुनवाई

संवाददाता

रांचीः झारखंड हाई कोर्ट ने शिक्षकों के अंतर-जिला तबादले से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई नवरात्रि और दुगार्पूजा की छुट्टी के बाद होगी।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों ने बताया कि ऑनलाइन टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर उनका आवेदन केवल इस आधार पर खारिज कर दिए गए हैं कि उनके जीवनसाथी (पति या पत्नी) सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। जबकि राज्य सरकार के एक आदेश में स्पष्ट प्रविधान है कि अनुबंधित कर्मचारी के रूप में कार्यरत जीवनसाथी वाले मामलों को भी दंपती स्थानांतरण श्रेणी में शामिल किया जाएगा।




शिक्षकों का आरोप है कि यह कार्रवाई राज्य सरकार की स्वीकृत नीति के विरुद्ध है और समान परिस्थितियों में वर्ष 2024 में कई अन्य शिक्षकों को दंपती स्थानांतरण का लाभ दिया गया है, जबकि प्रार्थियों को इससे वंचित रखा गया।प्रार्थी वर्तमान में राज्य के विभिन्न जिलों में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं और उन्होंने जीवनसाथी के कार्यस्थल वाले जिले में तबादले के लिए आवेदन किया था। याचिका में हाई कोर्ट से मांग की गई है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाए कि वे स्थानांतरण नीति के अनुसार उनके आवेदनों पर पुनर्विचार करें और उन्हें भी वही लाभ प्रदान करें, जो पहले समान परिस्थितियों वाले शिक्षकों को दिया जा चुका है।

### इंदौरी बैटमिंटन टूर्नामेंट

# कफील और कुस्सु की जोड़ी का जीत से आगाज

**रांचीः** मॉर्निंग ग्रुप के तत्वावधान में पांचवां राहत इंदौरी बैटमिंटन टूर्नामेंट का आगाज झारखंड राज्य ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सुनील सहाय ने सिक्का उछाल कर किया। जिसमें कफिल खान और परवेज खान की जोड़ी उद्घाटन मैच में शानदार शॉर्ट ,बेहतरीन स्मैश और प्लेसमेंट से मैच में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सीनियर खिलाड़ी शमीम मुजीब और उनके जोड़ीदार नसीम अख्तर को लगातार दो सीटों में मात देकर टूर्नामेंट में जीत से आगाज किया। वहीं आज के दूसरे मुकाबले में दो पूर्व चैंपियन आमने सामने थे। गत विजेता अतीक अहमद कुस्सू अपने जोड़ीदार मो इरशाद के साथ पूर्व विजेता डॉ शेरान अली और उनके जोड़ीदार तौहीद अकरम का सामना करते हुए पहला सेट आसानी से जीत गए जबकि दूसरे सेट में डॉ शेरान की जोड़ी खेल में वापसी करते हुए मैच को तीसरे सेट में पहुंचा दिया इस रोमांचक मैच का तीसरा सेट बड़े आसानी के साथ जीत कर अतीक अहमद कुस्सू की जोड़ी ने मैच अपने नाम किया । इसके पूर्व आज के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सुनील सहाय को मॉर्निंग ग्रुप के मुख्य सरपरस्त हाजी हलीमुद्दीन अध्यक्ष अकील उर रहमान ने शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया । आज के मैच के मुख्य रेफरी मुस्तकिम आलम ने अपने सहयोगी निशात अनवर ,एजाज आलम,नफीस अख्तर युनुस खान के साथ मैच सफलतापूर्वक संपन्न कराया।



# आतंकवादी दानिश पर सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी




**संवाददाता**

**रांचीः** पाकिस्तानी आतंकी मॉड्यूल से जुड़े आंतकियों की भारत देश में बड़ा हमला करने की योजना थी। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक उक्त मॉड्यूल का मास्टरमाइंड रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के न्यू तबारक लॉज से गिरफ्तार अशरफ दानिश उर्फ अशहर दानिश है। इस मॉड्यूल से जुड़े संदिग्ध दानिश को एक कंपनी का सीइओ, गजबा और प्रोफेसर जैसे अलग-अलग नामों से जानते थे। दिल्ली पुलिस और झारखंड एटीएस सहित देश के अन्य एजेंसियों की कार्रवाई में दानिश सहित 5 संदिग्धों को पकड़ने के बाद इसका खुलासा हुआ है। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसियों ने मुंबई के सूफियान अबुबकर खान और आफताब अंसारी को मंगलवार को दिल्ली से पकड़ा। वहीं तेलंगाना के निजामाबाद से हुजैफा यमन और मध्य प्रदेश के राजगढ़ से कामरान कुरैशी को भी गिरफ्तार किया है। उक्त लोगों की संदिग्ध गतिविधियों की खुफिया जानकारी मिलने के बाद से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और राज्यों की एजेंसियां बीते 6 महीने से उनलोगों पर नजर रख रही थी।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आयी है कि मॉड्यूल से जुड़े संदिग्ध पाकिस्तान में अपने हैंडलर्स से संपर्क में रहते हुए देश में बड़े पैमाने पर हमले की तैयारी कर रहे थे।

आंतरिक समूह में दानिश का कोड गजवा नेता था। लेकिन समय रहते संदिग्धों की गिरफ्तारी से देश में बड़ा आतंकी घटना को रोकने में सुरक्षा एजेंसियों को सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अलकायदा संब कॉन्टिनेंट मॉड्यूल के कनेक्शन का पदार्फाश किया था। इसका मास्टरमाइंड रेडियोलॉजिस्ट डॉ इश्तियाक को एटीएस के सहयोग से रांची से गिरफ्तार किया गया था। जांच में यह बात भी सामने आयी है कि संदिग्ध पाकिस्तानी मॉड्यूल के तहत आंतरिक संगठन बनाकर काम कर रहे थे। सभी कट्टरपंथी लड़के हैं। मामले में कुल 11 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें से पांच को गिरफ्तार किया जा चुका है। बाकी से पूछताछ जारी है।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत पूजा पंडालों के पास लगेंगे हेल्थ कैंप

### केंद्र सरकार ने 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक देशभर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाने का निर्णय लिया है

**रांचीः** महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तीकरण को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक देशभर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदौर से करेंगे। इसको लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ऑनलाइन बैठक की। इसमें स्वास्थ्य मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, अपर सचिव आराधना पटनायक और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान हर जिला अस्पताल और प्रमुख पूजा पंडालों के पास हेल्थ कैंप लगाये जायेंगे। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं और परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। हेल्थ कैंप में महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच की जायेगी, जिसमें स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, मधुमेह, टीबी, और एनीमिया की स्क्रीनिंग शामिल है। इसके अलावा विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी, इनमें स्त्री रोग, नेत्र, इएनटी, मानसिक स्वास्थ्य और डेंटल चेकअप आदि शामिल हैं। मातृ एवं शिशु देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इसके तहत इएनसी जांच, टीकाकरण और पोषण परामर्श शामिल होगा। सिकल सेल और आदिवासी क्षेत्रों में अतिरिक्त प्रयास और संसाधनों का समावेश किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय मेगा रक्तदान अभियान के तहत एक लाख यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। निक्षय मित्र नामांकन अभियान के जरिये टीबी मुक्त भारत के लिए जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जायेगा। अभियान को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी जिलों में स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे। इनमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी/पीएचसी और निजी अस्पतालों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।



## कांच के दरवाजे में फंसी दो साल की बच्ची,प्लाई काट कर सुरक्षित निकाला गया

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय के गुमला रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया में शुक्रवार की सुबह लगभग पौने ग्यारह बजे दो साल की बच्ची का कांच के दरवाजे में सिर फंसने का मामला सामने आया है। जिसे कड़ी मशक्कत के दरवाजे का प्लाई को काट कर बच्ची के सिर को बाहर निकाला गया। अगर आप बच्चे वाले हैं तो यह बात ध्यान देना बहुत जरूरी है। बच्चों को कोई भी ऑफिस या कार्यालय के अंदर अकेला न छोड़े, बच्चे नदान होते है खेल- खेल में बच्चे आपके लिए बड़ी परेशानी का सबब बन सकते हैं। कोई बड़ी घटना भी हो सकती है। इसलिए बच्चों के प्रति कतई लापरवाही नहीं बरतें

## जेएसएससी - सीजीऐल परीक्षा पेपर लीक मामले के आरोपियों को मिली जमानत

**रांचीः** साल 2024 में जेएसएससी - सीजीऐल परीक्षा पेपर लीक मामले के आरोपी आईआरबी के रॉबिन, कवि राज और राम निवास राय को उच्च न्यायालय से राहत मिल गई है। उच्च न्यायालय ने इन तीनों आरोपियों की जमानत याचिका को स्वीकार कर लिया है। आरोपियों की तरफ से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने अपनी दलीलें पेश कीं, जिसके बाद न्यायमूर्ति जस्टिस अम्बुज नाथ की अदालत ने उन्हें 20-20 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत प्रदान की।

# ट्रक की चपेट में आने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने किया सड़क जाम



**बोकारोः** जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र में बीते गुरुवार को एक भयंकर सड़क हादसा हो गया। गोविंद मार्केट के पास, संजीव कुमार और उनकी पत्नी अपनी बाइक पर थे, तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दंपत्ति दोनों ट्रक की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। बालीडीह थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि संजीव कुमार और उनकी पत्नी घर से निकले थे और कुछ ही दूरी पर यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोग इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। इस हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण और परिजन सड़क जाम कर बोकारो उपायुक्त को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे।

परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं बल्कि हत्या है। उनका कहना है कि ट्रक चालक के पास ब्रेक लगाने का पर्याप्त समय था, लेकिन उसने तेज रफ्तार से वाहन चलाया जिससे यह भीषण हादसा हुआ। स्थानीय लोगों के इस आक्रोश और सड़क जाम की स्थिति के कारण प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस भी फरार ट्रक चालक की खोज में लगी हुई है।

# स्वास्थ्य मंत्री को धमकी देने वाला मेडिकल छात्र गिरफ्तार



**रांचीः** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को धमकी देने वाला जयंत कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

यूपी के सारनाथ से दबोचाः आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सारनाथ थाना क्षेत्र से झारखंड पुलिस ने जयंत कुमार सिंह को दबोचा है। धमकी देने में इस्तेमाल मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। जयंत लगातार पुलिस को चकमा देता रहा और गाजीपुर भागने की फिराक में था तभी औड़हिार के पास रोडवेज बस से रास्ता रोककर पुलिस ने उसे घेरा और दबोचा लिया। सूत्रों के अनुसार एमबीबीएस पास यह छात्र जयंत मेडिकल की मास्टर डिग्री की तैयारी कर रहा था और शिलांग (मेघालय) में भी इसका मकान है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में शील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** एस.एंड टी-बी.के.एन ईटी-314-R **कार्य का नाम व स्थानः** बीकानेर मंडल पर SSE/Sig/BNW (भिवानी) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विभिन्न स्थानों के समपार फाटकों पर ROB के प्रावधान के लिए S&T विभाग के संबंधित कार्यों का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** ₹2792454.87/- **बिड सिक्यूरिटी राशिः** ₹55900.00/- **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** 30.09.2025 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता हैः** www.ireps.gov.in

1150-DK/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**खुला डाक की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.1.1992 के आलोक में राँची जिला के मांडर प्रखंड के संलग्न सूची के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बदोन्बस्ती खुला डाक द्वारा वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक की अवधि के लिए दिनांक 26.09.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी। शेष बचे जलकरों की बंदोबस्ती पुनः खुले डाक के द्वारा दिनांक 04.10.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न एवं उसके पश्चात् दिनांक 10.10.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से जिला जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी।

डाक की शर्ते निम्न प्रकार हैं–

1. निर्धारित वार्षिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोबस्ती नहीं की जाएगी।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
3. उच्चतम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि से समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।
4. डाक राशि जमा नहीं करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. उच्चतम डाक वक्ता को मत्स्य बीज की प्राप्ति के श्रोत से अवगत कराना होगा।
6. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कराना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। संपादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोबस्तदार को स्वयं के खर्च पर कराना होगा।
7. डाक के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा नहीं कराने की स्थिति में बन्दोबस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।
8. किसी भी डाक/बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
9. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
10. बकायेदार व्यक्ति को डाक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रखण्ड – मांडर

मांडर प्रखंड के वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | झिंझरी टैंक 1 | झिंझरी | मांडर | – | 39 | 0.60 | 5600 |
| 2 | टोटाम्बी टैंक | टोटाम्बी | मांडर | 183 | 229 | 1.12 | 1600 |
| 3 | बरवार टैंक | बरवार | मांडर | – | 332 | 1.67 | 1000 |
| 4 | बंझिला टैंक | बंझिला | मांडर | – | 1833 | 1.60 | 1400 |
| 5 | झिंझरी टैंक 2 | झिंझरी | मांडर | 138 | 1456, 1457 | 2.09 | 6000 |
| 6 | टोटाम्बी तालाब | टोटाम्बी | मांडर | – | 229 | 1.99 | 3200 |
| 7 | हारिल टैंक | हारिल | मांडर | 121 | – | 0.51 | 1200 |
| 8 | टावड़ बाँध | सुरसा | मांडर | 138 | 1233 | 7.40 | 4000 |
| 9 | बस्की टैंक | बस्की | मांडर | 311 | – | 2.91 | 1600 |

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 361642 Fish (25-26)_D

# सरकार को बदनाम करने की नाकाम कोशिश में जनता का समय बर्बाद कर रही है बीजेपीः विनोद पांडेय

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा के राज्यव्यापी प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा बिना तथ्यों के लोकप्रिय हेमंत सरकार को बदनाम करने की नाकाम कोशिश में अपना और राज्य की जनता का समय बर्बाद करना चाह रही है।

भाजपा को राज्य की जांच एजेंसी पर भरोसा नहींः पांडेय ने कहा कि सूर्या हांसदा की मौत का मामला विपक्ष जिस तरह पेश कर रहा है, वह भ्रामक है। उन्होंने कहा सूर्या हांसदा का एनकाउंटर उसके घनघोर आपराधिक रिकॉर्ड के कारण हुआ। उसके आपराधिक मामलों का ब्योरा पहले ही सार्वजनिक किया जा चुका है।



भाजपा इसे आदिवासी समाज से जोड़ कर जनता को गुमराह कर रही है। सूर्या हांसदा मामले की सरकार ने हर पहलू से पारदर्शी जांच सुनिश्चित की है, लेकिन भाजपा इसे राजनीतिक रोटियां सेंकने का जरिया बना रही है। बिना किसी सबूत के राज्य सरकार पर आरोप लगाना आदिवासी समाज के साथ अन्याय है। भाजपा को राज्य की जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं है। केवल केंद्रीय एजेंसियों पर ही आखिर भाजपा को भरोसा क्यों है, ये जग जाहिर हो चुका है। केंद्रीय एजेंसियों को आगे कर गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों को डिस्टर्ब करना भाजपा की पुरानी फितरत है।

भाजपा की साजिशों को जनता भलीभांति समझ चुकी है : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पिछली सरकार में भी भाजपा नेताओं ने षड़यंत्र का गंदा खेल खेला, लेकिन भाजपा की साजिशों को जनता भलीभांति समझ चुकी है और ऐसे प्रपंचों से जूझते हुए हेमंत सोरेन देश के सबसे सशक्त आदिवासी नेता बनकर राष्ट्रीय राजनीति में चमक रहे हैं। झामुमो महासचिव ने भाजपा नेताओं के प्रदर्शन को सत्ता की भूख से प्रेरित बताया। कहा कि भाजपा के नेताओं की सत्ता-लालसा इतनी बढ़ चुकी है कि वे कभी एकजुट नहीं हो पाते। प्रदर्शन में इसकी बानगी एक बार फिर देखने को मिली। आपसी मतभेद, मनभेद और द्वेष से भरे भाजपा नेताओं के पास जन आकांक्षाओं को समझने का वक्त ही कहां है। हर समय वह सत्ता की कुर्सी पर बैठने के लिए स्वांग रचने में अपना पूरा ध्यान और समय लगाते हैं। यही वजह है कि 2019 में रघुवर दास की सरकार को जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। 2024 में भी झारखंड की महान जनता ने प्रचंड बहुमत से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार को लगातार दूसरी बार चुना।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## बढ़ती- घटती दोस्ती

**भारत** और अमेरिका के बीच ट्रैरिफ वॉर के चलते अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड़ ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जल्द मिलने और ट्रेड़ बैरियर खत्म करने की बात की है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर लिखा, यह ट्रेड बैरियर खत्म करने के लिए बातचीत जारी है और मैं अपने अच्छे दोस्त मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हूं। कुछ ही घंटों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत व अमेरिका अच्छे दोस्त व स्वाभाविक सहयोगी हैं। मैं भी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करने का इंतजार कर रहा हूं। दोनों देशों के बीच रूस से तेल खरीद के मुद्दे को लेकर टसल का नतीजा था कि ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ जड़ते हुए अमेरिका की नाराजगी जताई थी। इस कारण भारत का करीब पिच्चासी हजार करोड़. रुपये का निर्यात प्रभावित हो रहा है जिसमें मुख्यतः दवाएं, आभूषण, कपड़े,पेट्रोलियम, टेलीकॉम डिवाइस शामिल हैं। भारत भी अमेरिका से पेट्रोलियम, अंतरिक्ष यानों के कलपुर्जे, विमान, हीरे व कोयला आदि का आयात करता है। टैरिफ दोनों देशों के बाजार को झटका देने वाला है। मगर इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह उथल-पुथल स्थायी नहीं हो सकती। ट्रंप जुबान के पक्के नहीं हैं यह अमेरिकी विशेषज्ञ भी मानते हैं। उन्होंने रूस व चीन के राष्ट्रपति पुतिन व जिनपिंग के साथ मोदी को बीते हफ्ते देखने के बाद ट्रुथ पर पोस्ट किया था कि हमने भारत व रूस को चीन के हाथों खो दिया है। इसे देखते हुए आकलन लगाया गया कि ट्रंप इस तिकड़ी से घबरा रहे हैं। उनकी नरमी के पीछे अमेरिकी दिग्गजों का दबाव भी माना जा रहा है जिनके साथ बीते हफ्ते रात्रिभोज के दौरान ट्रंप की लंबी बातचीत हुई थी। दोनों देशों की तरफ से की गई द्विपक्षीय टिप्पणी तल्खी को मिटाने का संकेत है। रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति यूरोपीय संघ से अपील कर चुके हैं कि वह भारत और चीन पर सौ फीसद टैरिफ लगाए। विशेषज्ञों के अनुसार भारत-अमेरिका संबंध केवल टैरिफ के नजरिए से नहीं आंके जा सकते। इन संबंधों में बड़ी संख्या में प्रवासी भी हैं और प्रति वर्ष उच्च शिक्षा लेने जाने वाले छात्रों की भीड़. भी है। बेशक, यह आर्थिक झटका जोखिमपूर्ण है मगर मानव,श्रम, रोजगार, प्रतिभाओं और पुराने परिपक्व और बहुआयामी संबंधों का ख्याल रखते हुए खटास मिटाने में पहल करने के संकेत सकारात्मक साबित हो सकते हैं।

## अब आंदोलन नहीं, हिंसक अपराध

**नेपाल** के युवाओं का आंदोलन समझ में आता है, मुद्दे और मांग भी वाजिब हैं, लेकिन जिस तरह यह विद्रोह हिंसक और विध्वंसक हुआ है, लोकतांत्रिक समाज में वह कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऐसा आभास होता है मानो युवा पूरे ही नेपाल को जला कर खाक कर देना चाहते हैं और उनके स्थान पर नई व्यवस्था कायम करना चाहते हैं! किसी भी निर्माण के लिए विध्वंस अनिवार्य नहीं है। जो कल तक नेपाल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मंत्री थे, उनके निजी आवास फूंक दिए गए। क्यों,उनके परिजनों का अपराध क्या था? पूर्व प्रधानमंत्रियों-शेर बहादुर देउबा, झालानाथ, प्रचंड, बाबूराम भट्टराई-के भी घर आग के हवाले कर दिए गए। देउबा को तो बीच सडक पर खूब पीटा भी गया। पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ की पत्नी राजलक्ष्मी को जिंदा जलाया गया। बाद में उनकी मौत हो गई। उनका कसूर क्या था? वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। गृह, संचार, विदेश आदि मंत्रियों के घर भी आग की लपटों के हवाले कर दिए गए। यह आंदोलन है? ये सभी नेपाल के जन-प्रतिनिधि थे। नेपाल की जनता ने ही जनादेश दिए थे। यदि वे भ्रष्ट, ऐयाश और जन-विरोधी थे, तो आंदोलन ने उनके इस्तीफे करा दिए। अंततः न्याय तो अदालत करेगी। उनके घर खंडहर कर दिए गए अथवा जला कर खाक कर दिए गए। इससे आंदोलित युवाओं को क्या हासिल होगा? रोजगार, रोटी कैसे मिलेगी? महंगाई और भुखमरी कैसे कम होगी? अंततः नेपाल को न्याय कैसे मिलेगा? प्रदर्शनकारी पीढ़ी ने आवेश-आक्रोश में अंधा होकर संसद भवन, सर्वोच्च अदालत और नेपाल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान के प्रतीक सिंह दरबार को भी आग की लपटों में घेर दिया। यदि जेनरेशन जेड को इंसाफ की दरकार थी, तो वह सर्वोच्च अदालत से ही संभव था। शुक्र है कि न्यायाधीशों पर निजी हमले नहीं किए गए! संसद भवन तो नेपाल के गणतांत्रिक स्वरूप का सर्वोच्च मंदिर रहा है। अब नए चुनाव होंगे, युवा चेहरे भी सांसद चुने जाएंगे, तो वे कहां बैठ कर देश के लिए कानून बनाएंगे या किस सदन में मुद्दों और समस्याओं पर बहस कर सकेंगे? आंदोलनकारियों ने थानों, बैंकों, मॉल्स में तोडफोड़ की, लूटपाट मचाई। नेपाली युवाओं की दयनीय स्थिति के लिए ये संस्थान कैसे दोषी, जिम्मेदार हैं? हमें लगता है कि अब यह आंदोलन नहीं, डकैती और हिंसक अपराध हैं। अब कई हथियारबंद चेहरे आंदोलन का नेतृत्व करते दिख रहे हैं।

क्या हथियारबंद क्रांति का आह्वान किया गया था? उपद्रवी तो ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर में भी घुसने वाले थे, उन्हें सेना ने किसी तरह काबू किया। तितर-बितर कर दिया। अब ऐसा लगता है कि आंदोलनकारी पूरे नेपाल को ही जला कर खाक करना चाहते हैं, ताकि नया नेपाल, नई व्यवस्था बनाई जा सके। काठमांडू हवाई अड्डे से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बंद करना पड़ा था। एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। करीब 700 भारतीय यात्री फंसे हैं। विदेश मंत्रालय ने अपील जारी की है कि फिलहाल नेपाल-यात्रा को स्थगित कर दें। प्रधानमंत्री मोदी को कैबिनेट की सुरक्षा समिति की बैठक तुरंत बुलानी पड़ी। समिति ने सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर विमर्श किया। नेपाल सीमा के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। भारत नेपाल को 600 मेगावाट बिजली देता है और 90 फीसदी पेट्रोल-डीजल की जरूरतों को पूरा करता है। नेपाल के साथ भारत का कारोबार कई स्तरीय है। सुरक्षा के मद्देनजर खुफिया एजेंसियों को पैनी नजर रखने के आदेश दिए गए हैं। बहरहाल अब नेपाली सेना सडकों पर सक्रिय है। कुछ अपराधी किस्म के आंदोलनकारियों को हिरासत में भी लिया गया है। नेपाल के हालात श्रीलंका और बांग्लादेश से भी भयावह और खतरनाक बन गए हैं। फिलहाल नेपाल सेना की लगाम से चलेगा, लेकिन अंतरिम सरकार जैसी कोई व्यवस्था तो बनानी ही पड़ेगी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री के लिए भी राजनीति शुरू हो गई है। सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल ने देश से अपील की है कि शांति और स्थिरता बनाए रखें। उन्होंने बातचीत के लिए कुछ आंदोलनकारियों को भी बुलाया है। यह आलेख लिखे जाने तक पड़ोसी देश नेपाल में हिंसा कुछ कम हुई है, लेकिन उग्र प्रदर्शन अब भी जारी हैं।

# अंग्रेजी के पेट में हिंदी का अल्सर

अरे हां, वो मुझे याद आया ,14 सितंबर को तो मुझे शायद छुट्टी पर जाना पड़ेगा। हिंदी दिवस। अधीनस्थ ने कमरे में झांका। हस्ते–मामूल बॉस अपनी सीट से नदारद। क्या हिंदी सचमुच इतनी दुखदाई है कि बंदे को अपनी एक छुट्टी इसके लिए खर्च करनी पड़ गई। बॉस ने भी अपनी 32 साल की नौकरी में कोई कच्ची गोलियां नहीं खेली थीं। यूं भी बायोमीट्रिक सिस्टम पर पंच मार सुबह 9.30 पर ही पुस्तकालय में पहुंचे अलमारियों के पीछे ऊंघते–सोते बॉस को कौन तो देखता और कौन तो टोकने की जुर्रत करता। सचमुच मिश्राजी! ये साली हिंदी, साल में एक बार ही सही, जब भी आती है, तो तड़पाती बहुत है।

**मृदुला श्रीवास्तव**

**प्रत्येक** वर्ष 14 सितंबर पर हिंदी दिवस, हिंदी पखवाड़ा आते ही सभी सरकारी दफ्तरों के बॉस अपने तथाकथित हिंदी ज्ञान में अचानक इजाफा करते देखे पाए जाते हैं। मिश्रा जी! योर लोन हैज बीन अप्रूव्ड के लिए इस फाइल पर हिंदी में क्या लिखूं? सर लिखिए, आपका ऋण अनुमोदित हो गया है। ऋण तो समझ आया, ये अनुमोदित किस चिड़िया का नाम है? मंजूर हो गया है, ऐसा नहीं लिख सकते क्या? सच बड़ी अजीब है ये हिंदी। बधाई हो। बॉस के अंग्रेजी पेट में हर साल की तरह इस साल भी अल्सर टाइप हिंदी का यह दर्द आखिरकार फिर शुरू हो ही गया। हिंदी दिवस आने पर पता नहीं कहां, क्या, कब और कितना हिंदी पर बोलना-लिखना पड़ जाए भई, सो बॉस ने अपने सामने आने वाली हर फाइल पर महीना पहले से ही नोटिंग के वाक्यों की एक सूची टेबल पर बिछे ग्लास के नीचे छिपा ली है। सामने बैठे अधीनस्थ हैरान परेशान। बॉस की उस अजीबोगरीब हिंदी में अपने स्टेनो को डिक्टेशन देते देखते हुए। दूसरे विभाग के साहब ने तो एक राजभाषा अधिकारी की सीट ही उठवा कर, अपने उस बड़े से कमरे में अपनी ही ऊंची कुर्सी के साथ, सोना मढ़े सिंहासन की तरह गढ़वा दी है। केवल और केवल राजभाषा अधिकारी ही जानता है, अपनी इस सुनहरी कुर्सी की दर्द भरी औकात। बॉस जानता है कि 14 सितंबर तक आते-आते ईएस शर्मा आएगा और कहेगा- सर! आपको फलाने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाषण देने और पुरस्कार वितरण के लिए जाना है। अच्छा, तो इसमें क्या दिक्कत है? दे दूंगा बढ़िया स्पीच। कहते हुए बॉस की अंग्रेजी-हिंदी मिक्स खटाखट डिक्टेशन स्टार्ट। सर! आपको भाषण अंग्रेजी में नहीं, हिंदी में देना है। हिंदी में? बॉस यूं उछले मानो बिच्छू ने डंक मार दिया हो। यू मीन लेक्कर इन हिंदी? इसमें क्या मुश्किल है? आपने इस जॉब में आने पर, सदैव अपना 100 फीसदी कार्यालयी कार्य हिंदी में करने का संकल्प पत्र भी भरा था और आपने साक्षात्कार के समय कई हिंदी प्रतियोगिताओं में पुरस्कार मिलने के प्रमाणपत्र भी जमा किए थे, तो इसलिए सर! आपको भाषण तो हिंदी में ही देना चाहिए।

ह्यमिक्स चलेगा? मानो पूछ रहे हों कि अल्सर की यह दवा पानी की जगह चाय से खा लूं? सर आपकी बीमारी गंभीर है। किसी और को भेजना भी ठीक नहीं रहता ऐसे में। रहता शब्द सुनते ही एक जुगाड़ थेरपी छत से चिपकी छिपकली की तरह बॉस के दिमाग के बिस्तर पर ऊपर से टपकी। अरे हां, वो मुझे याद आया ,14 सितंबर को तो मुझे शायद छुट्टी पर जाना पड़ेगा। हिंदी दिवस। अधीनस्थ ने कमरे में झांका। हस्ते-मामूल बॉस अपनी सीट से नदारद। क्या हिंदी सचमुच इतनी दुखदाई है कि बंदे को अपनी एक छुट्टी इसके लिए खर्च करनी पड़ गई। बॉस ने भी अपनी 32 साल की नौकरी में कोई कच्ची गोलियां नहीं खेली थीं। यूं भी बायोमीट्रिक सिस्टम पर पंच मार सुबह 9.30 पर ही पुस्तकालय में पहुंचे अलमारियों के पीछे ऊंघते-सोते बॉस को कौन तो देखता और कौन तो टोकने की जुर्रत करता। सचमुच मिश्राजी! ये साली हिंदी, साल में एक बार ही सही, जब भी आती है, तो तड़पाती बहुत है। और वो सर! हिन्दी वाले प्रमाणपत्र? अरे छोड़ो न, वो तो जाली थे। शाम को बॉस अपने घर में बेटे से कह रहे थे- क्या अंग्रेजी में गिट-पिटा रहा है? अपनी मां से कभी-कभी हिंदी भी पढ़ लिया कर। नहीं तो बहुत पिटेगा। बच्चा डर कर हिंदी की कविता रटने लगा। वो अलग बात है कि उस कॉन्वेंटी बच्चे ने हिंदी की कविता को अंग्रेजी वर्णमाला में लिख रखा था।

# आरएसएस के सौ वर्ष

अंग्रेजों द्वारा स्थापित की गई भारत की कृत्रिम अवधारणा को अब तक ढोते हांफ रही कांग्रेस देशी–विदेशी तमाम प्रकार की ताकतों के सहयोग के बाद भी अवसान की ओर है। संघ की भारतीय अवधारणा आज केन्द्र बिन्दु में है। बाबा साहिब अंबेडकर को भारत रत्न देकर, कांग्रेस के तमाम षड्यंत्रों का उत्तर दे दिया है। यह संयोग ही कहा जाए या नियति कि डा. हेडगेवार ने जिस नव प्रयोग की शुरूआत नागपुर से की, उसी प्रयोग के दूसरे चरण की शुरूआत डा. अंबेडकर ने 1956 में तथागत बुद्ध के वचनों का स्मरण करके की। यही भारत की अवधारणा की निरंतरता है।

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ ने अपनी यात्रा के सौ साल पूरे कर लिए हैं। संघ की स्थापना महाराष्ट्र के एक डाक्टर (चिकित्सक) केशव राव बलिराम हेडगेवार (1889-1940) ने की थी। जिस वक्त डा. हेडगेवार ने संघ की स्थापना की उस समय उनकी उम्र 35 साल थी। हेडगेवार परिवार मूलतः महाराष्ट्र का नहीं था बल्कि विन्ध्याचल के पार दक्षिण क्षेत्र से ताल्लुक रखता था। पूर्वज कभी महाराष्ट्र में आकर बस गए थे। जिन दिनों हेडगेवार का जन्म हुआ, उससे कुछ वर्ष पहले हिंदुस्तान आजादी की पहली लड़ाई (1857) हार चुका था। इसके साथ ही मुगल सत्ता का अंतिम शासक बहादुरशाह जफर भी सत्ताविहीन होकर जलावतन हो चुका था। मुगल सत्ता तो खत्म हुई लेकिन लाल किले पर भारतीय ध्वज के स्थान पर यूनियन जैक आ गया था। एक गुलामी के बाद दूसरी गुलामी पुख्ता हो गई थी। यह गुलामी पहली गुलामी से भी बदतर होने वाली थी। जिस वक्त मुगल गुलामी की शुरूआत हुई थी, उस वक्त भी हिंदुस्तान अलग अलग रियासतों में बंटा होने के कारण गुलाम हुआ था। पोरस जब सिकन्दर का मुकाबला कर रहा था, तो आसपास के राजा तमाशा देख लहे थे। मुगलों ने भारत की राष्ट्रीयता को खंडित कर यहां की संस्कृति का अरबीकरण-तुर्कीकरण करने का प्रयास किया था। गुरु नानक देव जी ने तब भी चेतावनी दी थी, यह मत समझो कि हमला तो एक राजा पर हुआ है, दूसरा बच जाएगा। उन्होंने तब भी हिन्दुस्तान की अवधारणा को चिन्हित करते हुए स्पष्ट किया था, मुगल किसी एक राजा को नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान को डराने का प्रयास करेंगे। हिन्दुस्तान की इस एकात्म अवधारणा को आत्मसात करने के लिए गुरु नानकदेव जी ने पूरे पच्चीस साल देश के कोने कोने से साक्षात्कार किया था। गुरु नानक देव जी ने देश की इस गुलामी के दो ऐसे कारण गिनाए थे, जिसकी ओर आज तक किसी का ध्यान नहीं गया था। उनका कहना था, इस गुलामी का एक बड़ा कारण था कि क्षत्रियों ने अपना धर्म छोड़ दिया है और उन्होंने अपनी भाषा छोड़ कर मलेच्छ भाषा ग्रहण कर ली है। यह बहुत महत्वपूर्ण बात थी। धर्म छोड़ने का अर्थ यह नहीं था कि पूजा-पाठ करना बंद कर दिया था। पूजा-पाठ का धर्म से कुछ लेना देना नहीं है। धर्म का अर्थ कर्तव्य होता है। क्षत्रिय का धर्म देश की रक्षा करना है। उनमें से कुछ ने अपना यह धर्म छोड़ कर हमलावर के साथ ही मिल जाना शुरू कर दिया। भाषा राष्ट्र की आत्मा होती है। गुरु नानक देव जी ने ऊंच-नीच, भेदभाव, छूतछात की खाईओं से बाहर निकलने के लिए देशवासियों को प्रेरित किया था। देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे प्रयास हुए ही। इन्हीं प्रयासों का परिणाम था कि मुगलों के तीन सौ साल के शासन में देश निरंतर इन विदेशी मुगल शासकों से जूझता रहा। लेकिन दुर्भाग्य से मुगल शासन के अंत के बाद देश में स्वराज स्थापित नहीं हुआ, बल्कि देश ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के शिकंजे में फंस गया। ये गोरे अंग्रेज मुगलों से भी कहीं ज्यादा शातिर और अमानवीय थे। अब देश को इनसे लड़ना था। गुरु नानक देव जी ने भाषा को लेकर जो संकेत किया था, वह और गहरा हो गया था। अंग्रेज भाषा की महत्ता को मुगलों से कहीं ज्यादा समझते थे। वे जानते थे कि भारत राष्ट्र की अवधारणा को सोख लेना है तो भारतीय भाषाओं को समाप्त करो। यदि यह संभव नहीं है तो अपनी मलेच्छ भाषा के माध्यम से उनके मस्तिष्क और चिंतन पर नियंत्रण स्थापित करो। देश और शासन की सत्ता इस प्रकार के नियंत्रित रोबोटो के हाथ में दो। 1857 के तुरंत बाद 1885 में कांग्रेस की स्थापना हुई थी। 1902 में बंगाल में अनुशीलन समिति का गठन हुआ। 1905 में मुस्लिम लीग गठित हो गई थी। 1913 में गदर पार्टी की गतिविधियां शुरू हुईं। 1915 में हिंदू महासभा अस्तित्व में आई। लेकिन इन्हीं दिनों महाराष्ट्र में एक और व्यक्ति की चर्चा होने लगी थी। वे थे भीमराव रामजी अंबेडकर (1891-1956)। अंबेडकर महार समाज से थे और 1912 में मुंबई विश्वविद्यालय से बीए पास कर वे रियासती वजीफा पर अमेरिका में एमए के लिए वहां चले गए थे। राष्ट्रीय प्रश्नों पर अंबेडकर भी स्कूल के दिनों से ही जूझने लगे थे, लेकिन अमेरिका से आने के बाद उनकी धार तीखी हो गई थी। उनके इर्द-गिर्द भी एक संगठन निर्मित होने लगा था। इसी कालखंड तक आते-आते भारत में कम्युनिस्ट कार्यकर्ता भी सक्रिय होने लगे थे। दिसंबर 1925 में उन्होंने एकत्रित होकर कानपुर में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का गठन कर लिया था। 1925 में ही दशहरे के अवसर पर डा. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गठन किया था। भूगोल के लोग नागपुर को भारत का केन्द्र भी मानते हैं। नागपुर नाग समाज का केन्द्र भी माना जाता है। लेकिन संघ स्थापना से पूर्व डा. हेडगेवार कांग्रेस व अनुशीलन समिति संगठनों की यात्रा कर आए थे। इस प्रकार 1925 तक आते-आते देश भर में कुल मिला कर अनेक संगठन देश को अंग्रेजों से मुक्त करवाने के लिए संघर्षशील थे। लेकिन हिन्दुस्तान की मुक्ति का मूल मंत्र था हिन्दुस्तान की मूल अवधारणा को, उस पर छा गई काई को हटा कर पुनः स्थापित करना। बाकी संगठन भारत की अवधारणा पर जमी काई को, जो अंग्रेज तेजी से बिछा रहे थे, हटाने की चिंता नहीं कर रहे थे। बल्कि उसी काई को ही भारत स्वीकार करने को तैयार थे। डा. हेडगेवार उस काई को हटाने के प्रयास में जुटे। ऊंच-नीच की बीमारी के कारण कमजोर हो गई भारत की रक्त धमनियों को सशक्त करने के लिए ऊंच-नीच की कमियों को समाप्त करने के लिए व्यावहारिक पद्धति को क्रियाशील करने में लगे। यही काम अपने तरीके से डा. अंबेडकर कर रहे थे। हैरानी की बात है कि कांग्रेस ने दोनों को ही ब्रिटिश एजेंट कहना शुरू कर दिया। आज सौ साल बाद जब हम लेखा-जोखा करते हैं तो भारत की ही अवधारणा को नकारने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां देश में से लुप्त होने के कगार पर पहुंच गई हैं। अंग्रेजों द्वारा स्थापित की गई भारत की कृत्रिम अवधारणा को अब तक ढोते हांफ रही कांग्रेस देशी-विदेशी तमाम प्रकार की ताकतों के सहयोग के बाद भी अवसान की ओर है।

# मोक्ष की भूमि गया

**अध्यात्म**

## चिंतन-मनन

**सनातन** धर्म में मान्यता है कि श्राद्ध पक्ष में पितरों के लिए किया गया पिंडदान और तर्पण पितरों को संतुष्टि दिलाता है और इससे पितरों के साथ-साथ आने वाली पीढियों का भी उद्धार होता है। श्राद्ध पक्ष में देश भर में ऐसे कई स्थान हैं जहां पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष मिलने की बात कही जाती है। इन्हीं में से एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान है गया। शास्त्रों में वर्णन है कि गया वो स्थान है जहां पिंडदान करने से 108 कुलों और आने वाली सात पीढ़ियों का उद्धार होता है। पुराणों में गया को मोक्ष स्थली के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यहां साक्षात भगवान विष्णु पितृदेव के रूप में विद्यमान रहते हैं। गया बिहार राज्य में स्थित है और फल्गु नदी के तट पर किया गया पिंडदान काफी महत्त्वपूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति गया जाकर पिंडदान करता है वो हमेशा के लिए पितृऋण से मुक्त हो जाता है।

ऐसे तो देश के हरिद्वार, गंगासागर, कुरुक्षेत्र, चित्रकूट, पुष्कर सहित कई स्थानों में भगवान पितरों के श्रद्धापूर्वक किए गए श्राद्ध से मोक्ष प्रदान कर देते हैं, लेकिन गया में किए गए श्राद्ध की महिमा का गुणगान तो भगवान राम ने भी किया है। कहा जाता है कि भगवान राम और सीताजी ने भी राजा दशरथ की आत्मा की शांति के लिए गया में ही पिंडदान किया था। इतना ही नहीं महाभारत काल में पांडवों ने भी यहां अपने पितरों का पिंडदान करके उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की थी। आचार्यों के मुताबिक जनमानस में यह आम धारणा है कि परिवार से कोई एक ही गया जाता है। वहां जाकर पितरों का श्राद्ध, पिंडदान और तर्पण करने से सात पीढ़ियों का उद्धार होता है। गरुड़ पुराण में लिखा गया है कि गया जाने के लिए घर से निकलने पर चलने वाला एक-एक कदम पितरों के स्वगारोहण के लिए एक-एक सीढ़ी बनता जाता है। पौराणिक मान्यताओं और किंवदंतियों के अनुसार भस्मासुर के वंश में गयासुर नामक राक्षस ने कठिन तपस्या कर ब्रह्माजी से वरदान मांगा था कि उसका शरीर देवताओं की तरह पवित्र हो जाए और लोग उसके दर्शन मात्र से पाप मुक्त हो जाएं। इस वरदान के मिलने के बाद स्वर्ग की जनसंख्या बढ़ने लगी और प्राकृतिक नियम के विपरीत सब कुछ होने लगा। लोग बिना भय के पाप करने लगे और गयासुर के दर्शन से पाप मुक्त होने लगे।

## आपके पत्र

### त्रासदी का गहरा असर

जब बाढ़ का पानी उतर जाएगा तो कैमरे और प्रशासन वहां से लौट आएंगे, लेकिन प्रभावित लोगों की पीड़ा बरसों तक बनी रहेगी। गिरे हुए मकान, डूबे खेत, कर्ज में दबे किसान और पढ़ाई से वंचित बच्चे हमें लगातार याद दिलाएंगे कि यह महज मौसम की सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चिंता नहीं, बल्कि वर्तमान की कठोर सच्चाई है।

सवाल यह है कि क्या हम इसे गंभीरता से लेकर रोकथाम की राह पकड़ेंगे या हर साल राहत और मुआवजे की रस्म अदायगी दोहराते रहेंगे। क्यों बदल रहा है मानसून का पैटर्न? दरअसल, मानसून अब पहले जैसा नहीं रहा। कहीं बेहद कम बारिश होती है, तो कहीं अचानक बादल फट जाते हैं। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण अनिवार्य हो जाता है।

सदीप सिंह

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# योजनाओं का पूर्ण लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए : जानकी प्रसाद

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला परिसदन सभागार में पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग रांची के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा जिले में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर चर्चा की आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्तियों में आरक्षण के लाभ प्रावधान की स्थिति। नागरिकों के जाति, आवासीय एवं नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा। प्राकृतिक आपदा व हाथियों के



हमले से होने वाली मृत्यु,आर्थिक क्षति पर पिछड़े वर्गों को प्रदान किए गए मुआवजे की स्थिति।पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाएँ। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन की स्थिति। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्गों के लाभुकों की संख्या। पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य निदेशालय द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों की भागीदारी। भू-अर्जन से संबंधित मामलों की स्थिति। बैठक में जिला स्तर पर कल्याण, स्वास्थ्य, पंचायती राज, योजना, समाज कल्याण, खनन, शिक्षा, नियोजन, उद्योग, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, गव्य, उद्यान, सामाजिक सुरक्षा, श्रम आदि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष महोदय ने सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पिछड़े वर्गों को योजनाओं का पूर्ण लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए और लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में सदस्य श्री नरेश वर्मा, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, सिविल सर्जन रामदेव पासवान, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला भू अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## आयोग के पिछड़ा वर्ग के प्रति सहयोगात्मक रुख के लिए आभार प्रकट किया



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के साहिबगंज दौरा के दौरान आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, सदस्य नरेश वर्मा,लक्ष्मण यादव से मिलकर उमर वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने ऊमर वैश्य समाज को झारखंड पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में शामिल करने संबंधी विषय पर अपना पक्ष रखा तथा आयोग की जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। आयोग पिछड़ा वर्ग की जातियों को केंद्रीय सूची में सूचीबद्ध करने हेतु अनुशंसा करेगी।ऊमर वैश्य समाज के अध्यक्ष दिलीप कुमार साह,सचिव आनंद मोदी,पवन कुमार साह,अमित कुमार, सुदर्शन गुप्ता,चंदन कुमार साह सहित कई लोगों ने अपना पक्ष रखा।इन प्रतिनिधियों ने आयोग के पिछड़ा वर्ग के प्रति सकारात्मक और सहयोगात्मक रुख के लिए आभार प्रकट किया।सचिव आनंद मोदी ने आयोग को साहिबगंज दौरा के लिए धन्यवाद किया।उन्होंने कहा कि आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर त्वरित कार्यक्रम बनाया,यह आयोग का पिछड़ा वर्ग के प्रति संवेदनशील होना दशार्ता है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप मे पति गिरफ्तार

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के कटहल बाड़ी गांव में मंगलवार की सुबह एक विवाहिता महिला का शव फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया। मृतका की पहचान सुकचंद मंडल की पत्नी ब्यूटी देवी 25 के रूप में हुई है। घटना को लेकर परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं, जबकि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार घटना के दिन सुबह करीब 7 बजे सुकचंद मंडल शौच के लिए बहियार गया हुआ था। लौटने पर उसने अपनी पत्नी को घर में फंदे से लटका पाया। इस घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूत्रों के मुताबिक ब्यूटी देवी का राजमहल थाना क्षेत्र के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच



आए दिन विवाद होता रहता था। विवाद से परेशान होकर कुछ दिन पहले वह मायके चली गई थी। हालांकि घटना के एक दिन पूर्व ही गांव में पंचायती कर दोनों को समझा-बुझाकर ससुराल भेजा गया था। इसी बीच मंगलवार की सुबह विवाहिता की मौत की खबर पूरे गांव में सनसनी फैला दी। मृतका की मां ने अपने दामाद सुकचंद मंडल पर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटका देने का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए राधानगर पुलिस ने कांड संख्या 386/25 दर्ज कर लिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी पति सुकचंद मंडल को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## पांच साल से बदले का फिराक में था आरोपी : एसडीपीओ

संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहेट मे बुधवार देर रात्रि को गोलीमार कर युवक को घायल किया था। वही बरहटे पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बरहेट के खैरवा गांव से गोली कांड के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मामले के उद्वेदन करते हुए आरोपी आलम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक देसी कट्टा, मटरसाइकिल और मोबाइल को जब्त किया गया। पुलिस प्रशासन



के अनुसार आलम अंसारी पेशे से जेसीबी ऑपरेटर है। जबकि वर्ष 2019 को उसकी शादी मुस्लिम रीति रवाज से हुआ था।करीब डेढ़ वर्ष के बाद उसकी पत्नी 6 माह के बच्चे को छोड़कर बदरुल हक के पुत्र के साथ भाग गई और निकाह कर लिया था। आलम और बदरुल हक एक ही टोला में आमने-सामने रहते थे। इस घटना को लेकर लंबे समय से बदला लेने के लिए फिराक में था। जो बुधवार की रात बदरुल को गोली मार दी । जिससे वह गंभीर रूप से घयल हो गया। विदीत हो की आलम पिछले पांच वर्षों से बदले की भावना लेकर घूम रहा था। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बरहेट थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## उच्च विद्यालय के अंग्रेजी के शिक्षक का अकस्मिक निधन से शोक का माहौल

**साहिबगंज/बरहरवा :** बरहरवा उच्च विद्यालय के अंग्रेजी के शिक्षक बरहरवा हाटपारा निवासी दुल्लू प्रसाद भगत का निधन बुधवार की देर संध्या उनके निज आवास हाटपाड़ा में हो गया। बता दे कि वे बरहरवा उच्च विद्यालय के अंग्रेजी विषय के शिक्षक थे। वे विगत 40 वर्षों तक बरहरवा उच्च विद्यालय में सेवा दिए। शिक्षक दिल्लू प्रसाद भगत की निधन की सूचना मिलने पर आसपास से उनके विद्यार्थी और बरहरवा के लोग उनके घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इधर उनके सब को बार-बार उच्च विद्यालय प्रांगण ले जाया गया जहां पर विद्यालय परिवार एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके निधन पर उनके परिवार वालों रो-रो कर बुरा हाल। इधर लोगों ने उनके परिवार को हिम्मत दिलाने के लिए पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार राजमहल उत्तर वाहिनी मां गंगा के तट पर पांच तत्व में विलीन कर किया गया। उनके जाने से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।उक्त मौके पर शिव कुमार भगत उर्फ शिवा, सपन भगत लालमोहन भगत, शंकर भगत, शेखर शर्मा अरविंद भगत बीनू हसदा, के अलावे अन्य ग्राम वासी शामिल थे।

# पतना व बरहरवा प्रखंड में भाजपा ने किया प्रदर्शन

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने एवं नगड़ी के रैयतों को रिम्स दो के नाम पर छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस दिलाने के लिए बड़हरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन पतना चौक से बरहरवा प्रखंड तक किया जबकि प्रदर्शन करने के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कमल कृष्ण भगत ने अपने संबोधन में बताया कि संवेदनहीन भ्रष्ट एवं निकम्मी हेमंत सरकार में राज्य की स्थिति दिनोदिन बद से बदतर होती जा रही है। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है ।राज्य सरकार के संरक्षण में अपराधी,माफिया,दलाल,बिचौलियों ने पूरे सरकारी तंत्र पर कब्जा जमा लिया है।इनका विरोध करने पर नृशंस हत्या बिना कारण मुकदमे,धमकी ,फिरौती जैसी सजा सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं को भुगतने के लिए विवश होना पड़ रहा है,सरकारी रजिस्टर में दर्ज आंकड़े बता रहे की राज्य में प्रतिमाह 5000 से अधिक हत्या, लूट, बलात्कार, डकैती जैसे गैर जमानती आपराधिक मामले घटित हो रहे है वहीं बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि विगत दिनों संथाल परगना के प्रसिद्ध सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता की राज्य की पुलिस द्वारा एनकाउंटर दिखाकर नृशंस हत्या कर दी गई,राज्य पुलिस जिन्हें अपराधी बता रही वे लोकतांत्रिक तरीके से राज्य में विभिन्न दलों के टिकट पर चुनाव लड़ चुके थे, सामाजिक कार्यकर्ता के नाते 250 से अधिक गरीब आदिवासी बच्चों को पढ़ाते थे,उनके भोजन,आवास की चिंता करते थे,साथ ही क्षेत्र में व्याप्त अवैध उत्खनन,पत्थरों की तस्करी का विरोध करते थे जो माफिया तत्वों को पसंद नहीं था,स्वर्गीय सूर्या हांसदा पर कोई वारंट नहीं था,14 मुकदमों में वे बरी हो चुके



थे,5 पर जमानत मिल गई थी ,बावजूद इसके राज्य की पुलिस इन्हें अपराधी बताकर घर से उठाती है, टॉर्चर करती है और फिर गोली मार देती है जो पूरी तरह से स्पष्ट है,पूरी तरह से सजिश के तहत ये हत्या की गई । उनके परिजन स्व सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच सीबीआई से कराना चाहते है लेकिन हेमंत सरकार राज्य की एजेंसी के माध्यम से लीपापोती में जुटी है।एक तरफ राज्य में आदिवासियों की हत्याएं हो रही वही दूसरी ओर आदिवासी रैयतों की नगड़ी में खेतिहर जमीन को रिम्स 2 के नाम पर राज्य सरकार किसानों को उजाड़ने पर अड़ी हुई है नगड़ी की उपयुक्त जमीन को अधिग्रहित करने का प्रयास 1955 में तत्कालीन बिहार सरकार ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के लिए करने का प्रयास किया था जिसे प्रबल विरोध के कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री ने नगड़ी आकर जमीन नहीं लेने की घोषणा की थी तब से रैयतों के नाम मालगुजारी रसीद काटी जाती रही,वर्ष 2012 में फिर एकबार झारखंड सरकार ने जमीन का अधिग्रहण किया और फिर से प्रबल विरोध के बाद सरकार ने प्रक्रिया रोक दी,परन्तु तब से मालगुजारी रसीद नहीं काटी जा रही है ऐसे में किसान अपनी जमीन को लेकर सशंकित हैं और अबुआ राज की डुगडुगी पीटने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी लूटे भी जा रहे और पीटे भी,रोज हत्याएं हो रही है बहन बेटियां भी सुरक्षित नहीं हैं।इसलिए प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में प्रखंड स्तर पर प्रदर्शन करते हुए आपसे गुहार लगा रहे,आज प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से भाजपा के कार्यकर्ता आपसे अनुरोध करते हैं कि जनहित में,राज्य हित में दोनों मुद्दों को आप गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लें तथा स्व सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने तथा नगड़ी में रैयतों को उनके जमीन को वापस दिलाने हेतु राज्य सरकार को निर्देशित करने की कृपा करे।उक्त कार्यक्रम में जिला महामंत्री कुसुमाकर तिवारी, बरहरवा भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता,कोटालपोखर भाजपा मंडल अध्यक्ष बप्पी निर्मल प्रसाद,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह,रविंद्र भगत,अनुभव भगत, सुरेंद्र साहा,सागर साहा,हरे कृष्ण मंडल, श्याम मंडल,अशोक भगत,पतान घोष , नियति देवी,अमित भारती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अज्ञात अपराधियों ने राजकुमार यादव को मारी गोली की हत्या



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जयंती ग्राम महादेवगंज निवासी राजकुमार यादव उर्फ भुडली उम्र 40 वर्ष को बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी इसकी सूचना मुफस्सिल थाना प्रभारी को मिलते ही अपने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला सदर अस्पताल भेजा गया।जबकि थाना प्रभारी ने बताया कि इस संदर्भ में घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन के द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर एएन चक्रवर्ती और डॉ राजकुमार साह लोगों की आंख जांच करेंगे : बजरंगी प्रसाद

**साहिबगंज :** शहर के भरतिया कॉलोनी स्थित अयोध्या धाम में 12 सितंबर को आंख जांच एवं 19 को चश्मा वितरण एवं 13 सितंबर को भीडीजे क्लब राजमहल में आंख जांच व 20 सितंबर को चश्मा का वितरण बाबू अर्जुन हर्बल मेडिकल एजुकेशन एवं रिसर्च फाउंडेशन की ओर से निशुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव ने बताया कि नेत्र जांच शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर एएन चक्रवर्ती और डॉ राजकुमार साह लोगों की आंख जांच करेंगे।बताया कि नेत्र जाँच शिविर गरीब असहाय के साथ सभी समुदाय के लोगों के लिए लगाया गया है।कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए साहिबगंज में राजेश यादव को कार्यक्रम प्रभारी एवं राजमहल में पंकज घोष को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। वहीं साहिबगंज एवं राजमहल में निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।बजरंगी यादव ने सभी जरूरतमंदों को शिविर में नेत्र जांच कराने की अपील की है।

### जानकी यादव ने शिष्टमंडल को उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिए



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव अपने दो दिवसीय दौरे में बीते शाम साहिबगंज पहुंचे।वही गुरुवार को प्रदेश यादव महासभा साहिबगंज के जिलाध्यक्ष भरत यादव के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव से परिसदन मे मिलकर उन्हें को शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर स्वागत किया गया।इस दौरान यादव महासभा के जिलाध्यक्ष भरत यादव ने ओबीसी की आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने और साहिबगंज नगर परिषद के अध्यक्ष पद ओबीसी के लिए आरक्षित करने सहित कई मांगों की जानकारी दी गई।वही झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव ने शिष्टमंडल को उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिए।इस मौके पर यादव महासभा के दारासिंह यादव राजनारायण यादव,दारा यादव,दुर्गा प्रसाद यादव,नंदन यादव, मनोज यादव,अशोक यादव,कृष्णा शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच हो : अनंत ओझा



**साहिबगंज :** सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या का सीबीआई जांच हो और रिम्स दो के नाम पर नगड़ी में आदिवासियों की उपजाऊ जमीन न छीनी जाए।उक्त बाते राजमहल पूर्व विधायक अनंत ओझा ने गुरुवार को कहा की भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन पर गुरुवार को सदर प्रखंड ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय मंडल व नगर महामंत्री संतोष चौधरी के नेतृत्व में सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय आक्रोश धरना प्रदर्शन किया।कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कहा कि सरकार के संरक्षण में अपराधी, माफिया दलाल बिचौलिया पूरे सरकारी तंत्र पर कब्जा जमा लिया है।विरोध करने पर हत्या बिना कारण मुकदमा सहित अन्य किया जाता है।सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा 250 से ज्यादा आदिवासी बच्चों की शिक्षा रहना खाना स्वास्थ्य सहित अन्य जरूरत पूरी करके शिक्षित बनाने का कार्य कर रहा था और अवैध खनन पत्थरों की तस्करी का विरोध करता था जो माफिया को पसंद नहीं था।सूर्या हांसदा पर कोई वारंट नहीं था।14 मुकदमों में बरी हो गया था और पांच में जमानत मिला था।सूर्या हांसदा हत्या का सीबीआई जांच कराई जाए। वही कई वक्ताओं ने अपना वक्तव्य रखा। भाजपा का एक शिष्टमंडल बीडीओ से मिलकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर रामानंद साह,धर्मेंद्र कुमार, अनंत सिन्हा,चांदनी देवी,मदन पासवान, मनोज यादव,पंकज चौधरी,जय प्रकाश सिन्हा,अनंत सिन्हा सहित दर्जनों भाजपा,भाजयुमो व महिला मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### काड़ा लड़ाई के आड़ में चल रहा लाखों का जुआ

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के मदीया गांव में काड़ा लड़ाई प्रतियोगिता के आड़ में खुलेआम लाखों का जुआ चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मदिया गांव में कई दिनों से यहां हब्बा-डब्बा नामक जुआ का खेल बड़े पैमाने पर संचालित हो रहा है। लखपति बनने की लालच में लोग जुआ में आसानी से फंस रहे है।



# तेरे दिल पर हक मेरा...जन्नत जुबेर संग एल्विश यादव की रोमांटिक लॉन्ग ड्राइव

**बिग बॉस** ओटीटी में अपना जलवा दिखाने वाले एल्विश यादव की फैन फॉलोइंग हर जगह है। एल्विश के चाहने वाले उन्हें प्यार से रॉव साहब कहते हैं। फैंस को एल्विश के की लाइफ की हर अपडेट में दिलचस्पी रहती है। खासतौर पर उनकी डेटिंग लाइफ में। एल्विश का नाम कई लड़कियों संग जुड़ा है। अब एक बार फिर से एल्विश का नाम एक हसीना संग जुड़ रहा है। हाल ही में एल्विश ने दो खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं जिसमें वह एक्ट्रेस जन्नत जुबैर के साथ दिख रहे हैं। एल्विश की बाहों में नजर आ रही हैं। वहीं रॉव साहब एक्ट्रेस की आंखों में खोए हैं। दूसरी तस्वीर में एल्विश और जन्नत को गाड़ी में बैठे देखा जा सकता है। तस्वीर किसी हाइवे की नजर आ रही है, जहां दोनों को एक गाड़ी में देखा जा सकता है। लुक की बात करें तो जन्नत ने खूबसूरत सी पिंक कलर की साड़ी पहनी है। एल्विश ने भी एक खूबसूरत सा वाइट कुर्ता पहना है जिसपर महीन कारिगरी की गई है।इस तस्वीर के साथ एल्विश ने एक कैप्शन भी लिखा- 'तेरे दिल पे हक मेरा है।' जगत और एल्विश को एक ही फ्रेम में देखकर फैंस को काफी मजा आ रहा है। फैंस कमेंट सेक्शन में अलग-अलग तरह की बातें लिख रहे हैं। फैंस को एल्विश और जन्नत की डेटिंग का शक लग रहा है। वहीं कई फैंस का मानना है कि ये बीटीएस तस्वीर एल्विश के नए गाने की हो सकती है जिसमें जन्नत भी नजर आने वाली हैं।

# पीठ चोटिल और सिर सूजा...चलती ट्रेन से कूदीं 'प्यार का पंचनामा 2' एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा



**'प्यार का पंचनामा 2'**, 'रागिनी एमएमएस रिटर्न्स' और 'उजड़ा चमन' जैसी फिल्मों में नजर आईं एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा को लेकर एक खबर सामने आई है। खबर है कि करिश्मा शर्मा एक्सीडेंट हो गया था। करिश्मा, बुधवार, 11 सितंबर को मुंबई की लोकल ट्रेन से कूद गईं जिसमें उन्हें काफी चोटें आईं। एक्ट्रेस को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

करिश्मा शर्मा मुंबई की लोकल ट्रेन से चर्चगेट जा रही थीं और तभी चलती ट्रेन से कूद गईं। करिश्मा ने तब साड़ी पहनी हुई थी। एक्ट्रेस ने ऐसा क्यों किया इसकी वजह बताई है। इसके साथ ही पूरी घटना का ब्यौरा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। करिश्मा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा- 'कल, चर्चगेट में एक शूटिंग के लिए जा रही थी। उस समय मैंने साड़ी पहनकर ट्रेन पकड़ने का फैसला किया। जैसे ही मैं ट्रेन में चढ़ी, ट्रेन की स्पीड बढ़ने लगी और मैंने देखा कि मेरे दोस्त उसे पकड़ नहीं पा रहे हैं। डर के मारे मैं ट्रेन से कूद गई और पीठ के बल गिर गई जिससे मेरा सिर टकरा गया।' उन्होंने आगे लिखा-'मेरी पीठ में चोट लगी है। मेरा सिर सूज गया है, और मेरे शरीर पर चोट के निशान हैं। डॉक्टरों ने एमआरआई करवाने की सलाह दी है ताकि पता चल सके कि सिर में कोई गंभीर चोट तो नहीं लगी है। मुझे एक दिन के लिए निगरानी में रखा है। मुझे कल से दर्द हो रहा है लेकिन मैं स्ट्रॉन्ग हूं। प्लीज मेरे जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना करें और मुझे अपना प्यार भेजें। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।'


अस्पताल से एक्ट्रेस की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की और उनका हाल दिखाया। तस्वीर में करिश्मा की आंखें बंद हैं और ड्रिप चढ़ रही है। दोस्त ने लिखा- 'यकीन नहीं हो रहा कि ये हुआ। मेरी दोस्त ट्रेन से गिर गई, और उसे कुछ भी याद नहीं है। हमने उसे जमीन पर पड़े देखा और तुरंत यहां ले आए। डॉक्टर अभी जांच कर रहे हैं। प्लीज उन्हें दुआओं में याद रखें।'

## अनअकस्टम्ड अर्थ में फ्रीडा पिंटो के साथ सिद्धार्थ



**अभिनेता** सिद्धार्थ नेटफ्लिक्स की सीरीज अनअकस्टम्ड अर्थ में अभिनेत्री फ्रीडा पिंटो के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। सिद्धार्थ को नेटफ्लिक्स की एक घंटे की फैमिली ड्रामा सीरीज अनअकस्टम्ड अर्थ में फ्रीडा पिंटो के साथ मुख्य भूमिका में कास्ट किया गया है। यह सीरीज जॉन वेल्स और माधुरी शेखर द्वारा बनाई गई है। शो का संचालन भी जॉन वेल्स ही करेंगे। ऋतेश बत्रा सीरीज का निर्देशन करेंगे। एरिका सालेह, एरिन जॉनटो, और निशा गणात्रा इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर्स हैं। अनअकस्टम्ड अर्थ एक भव्य, भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध ड्रामा है, जो एक करीबी भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कहानी बयां करता है, जो प्यार, इच्छा और अपनी पहचान की खोज में जूझ रहा है। सिद्धार्थ को हमेशा साहसिक और अपारंपरिक प्रोजेक्ट्स चुनने के लिए जाना जाता है, जो उनकी तेज रचनात्मक सोच को दर्शाते हैं। अब वह अपने पहले अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट नेटफ्लिक्स की अनअकस्टम्ड अर्थ के जरिए अमेरिकी और वैश्विक बाजार में कदम रखने जा रहे हैं।

# तू मेरी पूरी कहानी एल्बम रिलीज




**जानेमाने** गायक पापोन का एल्बम तू मेरी पूरी कहानी रिलीज हो गया है। पापोन ने एक बार फिर फिल्म तू मेरी पूरी कहानी के लिए अपने नवीनतम एल्बम के साथ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है। पापोन और संगीतकार अनु मलिक इस बार तू मेरी पूरी कहानी के लिए फिर से साथ आए हैं, जो समीक्षकों द्वारा प्रशंसित मोह मोह के धागे के बाद उनका दूसरा शानदार सहयोग है। एल्बम में छह दिल छू लेने वाले ट्रैक तू मेरी पूरी कहानी, भूलने की तुमको, कौन है वो, अब जब कि तू नहीं है, कुछ तो है वो और ये इश्क है शामिल है। अनु मलिक द्वारा रचित संगीत और श्वेता बोथरा द्वारा लिखे गए बोलों वाला यह एल्बम प्रेम और लालसा की एक शाश्वत तस्वीर पेश करता है। पापोन ने कहा कि मोह मोह के धागे की सफलता के बाद अनु मलिक जी के साथ फिर से काम करना बेहद आनंददायक रहा है। उनकी रचनाओं में एक शाश्वत जादू है और तू मेरी पूरी कहानी में उनके साथ फिर से काम करना वाकई एक प्यारा अनुभव रहा है। मैं इस बात से बहुत प्रभावित हूं कि लोग इन शांत, भावपूर्ण गानों को कितना पसंद कर रहे हैं ।यह इस बात को पुष्ट करता है कि दिल को छू लेने वाला संगीत हमेशा गूंजता रहता है। यह एल्बम मेरे दिल में एक खास जगह रखता है,।

# बॉम्बे नहीं मुंबई बोलो नहीं तो... एमएनएस नेता की कॉमेडियन कपिल शर्मा को चेतावनी




**कॉमेडियन** कपिल शर्मा एक बाद एक मुसीबत में फंसते ही जा रहे हैं। जहां पहले उनके कनाडा वाले कैफे में एख के बाद एक फायरिंग हुईं। उन्हें धमकी मिली। वहीं अब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा को अपने शो में मुंबई को 'बॉम्बे' या 'बंबई' कहकर उसका 'अपमान' करने को लेकर चेताया। मनसे ने कहा कि अगर ये बंद नहीं किया तो वह इसके खिलाफ कड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। मनसे नेता अमेय खोपकर ने पत्रकारों से बात करते हुए कपिल शर्मा को यह चेतावनी दी। यह चेतावनी शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा स्थानीय निकाय चुनावों से पहले दोनों दलों के बीच गठबंधन की चर्चा के बीच मुंबई में अपने चचेरे भाई और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के घर जाने के एक दिन बाद आई है। अमेय खोपकर ने कहा- 'इस शहर का नाम मुंबई है। कपिल शर्मा के शो में, हम लंबे समय से देखते आ रहे हैं और इस नए सीजन के शुरू होने से पहले भी... शहर को हमेशा बॉम्बे या बम्बई कहा जाता है। हम इसका विरोध करते हैं। यह कोई आपत्ति नहीं बल्कि गुस्सा है। इस शहर का नाम मुंबई है। अगर आप दूसरे शहरों को चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे उनके सही नामों से बुला सकते हैं तो हमारे शहर का अपमान क्यों कर रहे हैं?' उन्होंने आगे कहा, 'आप (शर्मा) इतने सालों से मुंबई में काम कर रहे हैं, मुंबई आपकी कर्मभूमि है। मुंबई के लोग आपको पसंद करते हैं और आपका शो देखते हैं।

# ऐश्वर्या राय की एआई तस्वीरों के इस्तेमाल पर कोर्ट ने लगाई रोक



**बालीवुड** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि उनकी अनुमति के बिना कोई भी वेबसाइट, यूट्यूब चैनल या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उनका नाम, तस्वीर, आवाज या किसी भी प्रकार का एआई-जनरेटेड कंटेंट इस्तेमाल नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति तेजस करिया ने कहा कि मशहूर हस्तियों की पहचान का दुरुपयोग उनकी गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाता है।

# आईसीसी वीमेंस ओडीआई वर्ल्ड कपः महिला वनडे वर्ल्ड कप के अंपायर्स-रेफरी का ऐलान



**दुबईः** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वूमन्स वनडे वर्ल्ड कप के लिए 18 मैच ऑफिशियल्स (14 अंपायर और चार रेफरी) नियुक्त किए गए हैं। टूर्नामेंट के 52 साल के इतिहास में पहली बार सभी मैच ऑफिशियल्स और अंपायर महिलाएं होंगी। इससे पहले, पिछले दो टी-20 वर्ल्ड कप और 2022 में खेले गए कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐसा हुआ था। वूमंस वनडे वर्ल्ड कप 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच होगा। अंपायरिंग पैनल में तीन भारतीय अंपायरिंग पैनल में पूर्व भारतीय खिलाड़ी वृंदा राठी, एन जननी और गायत्री वेणुगोपालन को भी जगह मिली है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहली महिला मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी मैच रेफरी पैनल का हिस्सा होंगी।

इस पैनल में चार मेंबर्स हैं। आईआईसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, मैच ऑफिशियल्स पैनल में सभी महिलाओं का होना महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक कदम है और इससे सफलता के नए आयाम गढ़ते दिख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, ये बस एक उपलब्धि नहीं है, बल्कि ये भी दिखाता है कि आईसीसी क्रिकेट में समानता के अधिकार को कैसे बढ़ावा दे रहा है।

अंपायर्स– लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शतिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, एन जननी, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसेक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स।

मैच रेफरी– ट्रूडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

# तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धा में हारीं दीपिका कुमारी, गाथा प्री क्वार्टर फाइनल में



**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया):** भारत की सबसे प्रतिष्ठित तीरंदाज दीपिका कुमारी छठी बार भी दुर्भाग्यशाली रहीं और गुरुवार को विश्व चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गईं, जबकि 15 वर्षीय गाथा खडके शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की एकमात्र रिकर्व तीरंदाज रहीं। चार बार की ओलंपियन दीपिका को इंडोनेशिया की दियानंदा चोइरुनिसा के खिलाफ पांच सेट में 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। अब सभी की निगाहें शुक्रवार को होने वाले प्री क्वार्टर फाइनल पर होगी, जहां गाथा पेरिस ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक लिम सी-ह्योन के रूप में अपने करियर की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करेंगी।

# एशिया कपः आज ओमान से भिड़ेगा पाकिस्तान



**दुबईः** पाकिस्तान की टीम एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले शुक्रवार को ग्रुप ए के अपने पहले मैच में कमजोर ओमान के खिलाफ अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था, जिससे निश्चित तौर पर उनका मनोबल बढ़ा होगा। संयुक्त अरब अमीरात की धीमी पिचों के कारण पाकिस्तान को टीम में स्पिनरों को शामिल करना पड़ा। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा था, हम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं और पूरी तरह तैयार हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रविवार को दुबई में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने आगा के नेतृत्व में एक युवा टीम चुनी है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सैम अयूब, फखर जमां, मोहम्मद नवाज, सूफियान मुकीम और खुद आगा जैसे खिलाड़ियों से पाकिस्तान को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। एशिया कप में पदार्पण कर रही ओमान की टीम इस मुकाबले में कम दबाव, लेकिन बड़े सपनों के साथ उतर रही है। उसके अधिकतर खिलाड़ी नौकरी और क्रिकेट के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, जो उनके अनोखे सफर को दर्शाता है। ओमान के लिए यह बड़ा मुकाबला होगा, जिसमें उसके खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे।

ई 20 पेट्रोल को लेकर नितिन गडकरी ने दिया बड़ा बयान

# पैसे देकर मेरे खिलाफ चलाया जा रहा राजनीतिक अभियान



**नई दिल्ली:** केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि 20 फीसदी इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ई20) के खिलाफ सोशल मीडिया पर पूर्वाग्रह से ग्रसित पैड कैंपेन चलाया जा रहा है, ताकि उन्हें राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा सके। एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ई20 पेट्रोल रोलआउट कार्यक्रम को लेकर उनके खिलाफ चलाई गई पेड मुहिम अब अब झूठी साबित चुकी है। केंद्रीय मंत्री ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चरर्स सोसायटी के वार्षिक सम्मेलन में प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। जब उनसे पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से संबंधित चिंताओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर यह मेरे खिलाफ पेड मुहिम थी, ताकि सियासी रूप से मुझे निशाना बनाया जा सके। यह मुहिम अब झूठी साबित हो रही है। उन्होंने वित्त मंत्री से पुराने वाहनों को स्क्रैप करके नई कार खरीदने वाले ग्राहकों के लिए जीएसटी में राहत पर विचार करने का आग्रह किया है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के कदम से उपभोक्ताओं और ऑटो उद्योग दोनों को फायदा होगा। ई-20 (पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण) को लेकर सोशल मीडिया पर बढ़ती चिंता पर प्रतिक्रिया देते हुए गडकरी ने कहा कि पेट्रोलियम क्षेत्र इस कदम के खिलाफ काम कर रहा है। हर जगह लॉबी होती हैं, हित होते हैं। पेट्रोल लॉबी बहुत समृद्ध है। प्रदूषण के दृष्टिकोण से ई20 के असर पर उन्होंने कहा कि दुनिया इस बात पर सहमत है कि प्रदूषण कम करना जरूरी है। एक रिपोर्ट में पाया गया है कि अगर प्रदूषण का यही स्तर जारी रहा तो दिल्ली के निवासियों की जिंदगी के 10 साल कम हो जाएंगे।

## शाहरुख खान की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1,500 परिवारों तक पहुंचाई मदद



**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1,500 परिवारों तक मदद पहुंचाई है। मीर फाउंडेशन स्थनीय एनजीओ के साथ मिलकर पंजाब बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद कर रहा है। इसके तहत जरूरी रिलीफ किट्स बांटी जा रही हैं, जिनमें दवाइयाँ, हाइजीन से जुड़ी चीजें, खाने-पीने का सामान, मच्छरदानी, तिरपाल की चादरें, फोल्डिंग बेड, कॉटन के गद्दे और दूसरे जरूरी सामान शामिल हैं।

यह पहल अमृतसर, पटियाला, फाजिल्का और फिरोजपुर जैसे जिलों के कुल 1,500 परिवारों तक पहुंचेगी। इसका मकसद है कि लोगों को तुरंत स्वास्थ्य, सुरक्षा संग आश्रय की जरूरतें पूरी की जा सकें, जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवार सम्मान के साथ अपनी जिंदगी को दोबारा पटरी पर ला सकें।



## सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानते राहुल गांधी, सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को लिखा लेटर

**नई दिल्ली:** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है। सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को पत्र लिखकर चिंता जताई और कहा कि राहुल बिना बताए नौ महीने में छह बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा की। सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी लेटर लिखा है। लेटर में लिखा है कि इस तरह की चूक वीवीआईपी सिक्योरिटी को कमजोर करती है। उन्हें खतरों का भी सामना करना पड़ सकता है।

इससे पहले भी सीआरपीएफ इस मुद्दे को उठा चुकी है। राहुल गांधी को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन कवर के साथ हाइएस्ट लेवल की जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है। जेड प्लस सिक्योरिटी में 55 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाते हैं। इनमें 10 से ज्यादा एनएसजी कमांडो होते हैं। बाकी सुरक्षाकर्मी सीएपीएफ और लोकल पुलिस के होते हैं। यलो बुक प्रोटोकॉल के तहत हाई कैटेगरी की सुरक्षा प्राप्त लोगों को अपनी गतिविधियों के बारे में सुरक्षा विंग को पहले से सूचना देनी होती है, ताकि पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसमें विदेश यात्रा भी शामिल है।

## बाल गृह से नाबालिग लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

**मुंबई:** मुंबई के मानखुर्द इलाके में स्थित एक बाल गृह से 16 साल के एक नाबालिग लड़के के लापता होने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। इस मामले में ट्रॉम्बे पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और बच्चे की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, घटना की जानकारी बाल गृह के सुरक्षा गार्ड ने ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई शिकायत में दी। गार्ड ने बताया कि वह दोपहर 4:00 बजे अपनी ड्यूटी पर आया था। उस समय उपस्थिति जांच में बाल गृह में 71 बच्चे मौजूद थे। इसके बाद बच्चों को नाश्ता दिया गया और उन्हें परिसर में खेलने की इजाजत दी गई। शाम 6:00 बजे दोबारा उपस्थिति जांच की गई, जिसमें सभी बच्चे मौजूद पाए गए। लेकिन, रात 9:30 बजे की अंतिम गिनती के दौरान एक 16 वर्षीय लड़के के गायब होने का पता चला। पुलिस के अनुसार, बाल गृह के कर्मचारियों ने तुरंत परिसर की तलाशी ली। लेकिन, बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सूचित किया गया। ट्रॉम्बे पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आसपास के इलाकों में बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की है और बाल गृह के कर्मचारियों व अन्य बच्चों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्चा कब और कैसे लापता हुआ। पुलिस ने यह भी बताया कि बच्चे के लापता होने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। इसके अलावा, यह संदेह भी जताया जा रहा है कि वह खुद परिसर से बाहर निकल गया हो या किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ गया हो। स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना पर चिंता जताई है और बाल गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

## फल उत्पादकों ने मुगल रोड पर ट्रक रुकावट पर चिंता जताई, एलजी व सीएम से मांगी मदद

**शोपियां:** शोपियां फल संघ ने गुरुवार को मुगल रोड पर फलों से लदे ट्रकों के बार-बार रुकने से सेब उत्पादकों को हो रहे भारी नुकसान पर चिंता जताई। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, संघ ने अधिकारियों पर ट्रकों की आवाजाही को दिन में केवल कुछ घंटों तक सीमित करने और केवल छह टायर वाले वाहनों को ही अनुमति देने का आरोप लगाया, जिससे हजारों सेब लदे ट्रक फंसे हुए हैं। शोपियां फल मंडी के अध्यक्ष मोहम्मद अशरफ ने कहा कि इस तरह के प्रतिबंध कश्मीर के सेब उद्योग के लिए विनाशकारी साबित हो रहे हैं, जो पहले से ही कई चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, हमें यातायात संबंधी सलाह बहुत देर से मिल रही है और शोपियां की ओर से वाहनों को केवल कुछ घंटों के लिए ही अनुमति दी जाती है, जबकि पुंछ की ओर से यातायात पूरे दिन बेरोकटोक चलता रहता है। इस भेदभावपूर्ण व्यवहार से फल उत्पादकों को भारी नुकसान हो रहा है। अशरफ ने बताया कि गुरुवार को सेब ले जाने वाले बमुश्किल 150 छह टायर वाले ट्रकों को ही आवाजाही की अनुमति दी गई, जबकि गुजरने वाले अधिकांश यातायात में तेल टैंकर, पोल्ट्री वाहक और अन्य मालवाहक वाहन शामिल थे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अब, फलों के ट्रकों को अपनी बारी के लिए कम से कम दो दिन और इंतजार करना होगा, और तब तक हजारों ट्रक फँस जाएँगे। चूँकि मुगल रोड ही इस समय एकमात्र उपलब्ध मार्ग है, इसलिए फल उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है। सकीना इटू एसोसिएशन ने माँग की कि अगर केवल छह टायर वाले ट्रकों को ही अनुमति दी जानी है, तो उन्हें कम से कम कुछ घंटों तक सीमित रखने के बजाय, हर दूसरे दिन पूरे दिन चलने की अनुमति दी जानी चाहिए। अशरफ ने कहा, हमारी जल्दी खराब होने वाली फसल को ट्रकों के अंदर सड़ने से बचाने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने और इस संकट का समाधान करने की अपील की।

# अब हवा में ही खत्म होंगे दुश्मन के ड्रोन-मिसाइलें

### भारतीय नौसेना को मिला पहला मेड-इन-इंडिया 3डी एयर सर्विलांस राडार, युद्धपोत पर किया तैनात



**नई दिल्ली:** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने गुरुवार को स्पेन की कंपनी इंद्रा से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की मदद से बनाए गए पहले स्वदेशी 3डी-एएसआर-लांजा-एन को भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर कमीशन किया है। यह भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह राडार युद्धपोत पर लगाया गया है, जो ड्रोन, जेट, मिसाइलों को ट्रैक करता है और उन्हें हवा में ही नष्ट करने में मदद करता है। इसके साथ ही टीएएसएल एडवांस्ड नेवल 3डी एयर सर्विलांस राडार (एएसआर) का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। यह उपलब्धि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की खोज में एक अहम कड़ी मानी जा रही है। इस सिस्टम को स्थानीय स्तर पर असेंबल और एकीकृत किया गया है। राडार को इस भारतीय नौसेना के युद्धपोत की सभी प्रणालियों के साथ सहजता से एकीकृत किया गया है।

इस राडार को शामिल करने से पहले व्यापक समुद्री परीक्षणों से गुजारा गया है, जहां इसकी क्षमता के लिए नौसैनिक और हवाई प्लेटफार्मों को राडार क्रॉस-सेक्शन की एक शृंखला में प्रदर्शन का परीक्षण करने के लिए तैनात किया गया था। इसको लेकर टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की, जिसमें कंपनी के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुकर्ण सिंह ने कहा कि इंद्रा के साथ हमारा सहयोग भारत में राडार निर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ऑन-ग्राउंड कॉर्डिनेशन, तकनीकी विशेषज्ञता और मजबूत आपूर्ति शृंखला के जरिए, हम उन्नत रक्षा तकनीकों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं। वहीं इंद्रा नेवल बिजनेस हेड आना बुएनिडा ने कहा कि यह परियोजना केवल राडार की डिलीवरी और तैनाती से कहीं आगे जाती है। इससे हमें भारत में बंगलुरु में एक राडार फैक्टरी स्थापित करने में मदद मिली, जिससे हम ग्राहक के लिए अधिक कुशलता और निकटता से सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

**दुश्मन का काल है एडवांस लांजा-एन सिस्टम :** लांजा-एन इंद्रा के लांजा 3डीः राडार का नौसैनिक संस्करण है, जो दुनिया के सबसे एडवांस लांग-रेंज एयर डिफेंस और एंटी-मिसाइल राडार में हवा और सतह दोनों के लक्ष्यों को 3डी में ट्रैक करता है। इसकी रेंज 254 नॉटिकल माइल्स (लगभग 470 किलोमीटर) है। यह ड्रोन, सुपरसोनिक फाइटर जेट, एंटी-रेडिएशन मिसाइल और नौसैनिक प्लेटफॉर्म को पकड़ सकता है। यह खराब मौसम में भी काम करता है और दुश्मन के हमलों को रोकने में माहिर है। यह पहली बार है, जब लांजा-एन रडार स्पेन के बाहर काम करेगा।



## पुलिस की शराब माफिया के साथ मुठभेड़, कुख्यात अपराधी सद्दाम हुसैन को पैर में लगी गोली,शराब व हथियार बरामद

**गोपालगंज:** बिहार के गोपालगंज में गुरुवार देर रात पुलिस और शराब तस्करों में मुठभेड़ हो गई। वहीं इस मुठभेड़ में एक शराब तस्कर के पैर में गोली लग गई। जिसके बाद अपराधी को घायल अवस्था में अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना कुचायकोट थाना क्षेत्र के भठवां मोड़ स्थित सिसवा जलालपुर रोड की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप की तस्करी की जानी है। सूचना के आलोक में वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी टीम उक्त स्थान पर जैसे ही पहुंची, तस्करों ने उन्हें देखते ही गोलाबारी करनी शुरू कर दी। वहीं छापेमारी टीम ने भी अपने आत्मरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें एक तस्कर को पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि दो अन्य तस्कर फरार हो गए।। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सद्दाम हुसैन के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने मौके से एक वाहन में से 71 कार्टून देसी शराब, एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया। फिलहाल पुलिस फरार तस्करों की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

## रोहतास में 9 नाबालिग लड़कियों को कराया गया मुक्त, आठ महिला व चार पुरुष गिरफ्तार,6



**रोहतास:** मानव तस्करी और देह व्यापार जैसे संगठित अपराधों के खिलाफ बिहार पुलिस का विशेष अभियान नया सवेरा लगातार असर दिखा रहा है। बिहार में रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने नौ नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है।

पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने गुरूवार को बताया कि विश्रामटोला स्थित कई नाच पार्टी के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान नौ नाबालिग नर्तकियों को मुक्त किया गया हैं। संचालक टीम से जुड़ी आठ महिला एवं चार पुरुष को भी गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी अभी चल रही है। छापेमारी में आपतिजनक सामान भी बरामद हुआ है।

छापेमारी टीम में शामिल सासाराम के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दो कुमार वैभव ने बताया कि नया सवेरा अभियान के तहत छापेमारी की गई है। बरामद लड़कियों की उम्र एवं नाम का फिलहाल सत्यापन किया जा रहा है।

### बोर्ड मीटिंग से पहले टाटा ग्रुप को झटका!

## टाटा ट्रस्ट्स के वाइस चेयरमैन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह ने बोर्ड से दिया इस्तीफा




**नई दिल्ली:** टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में एक अहम बदलाव हुआ है। टाटा ट्रस्ट्स के वाइस चेयरमैन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह (77 वर्ष) ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। खास बात यह है कि यह कदम उन्होंने बोर्ड की अहम बैठक से ठीक एक दिन पहले उठाया, जिसमें आरबीआई द्वारा तय आईपीओ की समयसीमा पर चर्चा होनी थी।

**बोर्ड और उम्र का नियम :** टाटा ट्रस्ट्स के प्रमुख ट्रस्ट – सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट – मिलकर टाटा संस में लगभग 52% हिस्सेदारी रखते हैं। पिछले साल अक्टूबर में टाटा ट्रस्ट्स ने एक नया नियम बनाया था, जिसके तहत 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले सदस्यों की हर साल समीक्षा की जाएगी। गुरुवार को हुई बोर्ड मीटिंग में इस नियम पर चर्चा हुई और अधिकतर ट्रस्टी युवा सदस्यों को शामिल करने के पक्ष में दिखे। विजय सिंह पहले भी 2013 से 2018 तक टाटा संस बोर्ड में रह चुके हैं। उम्र सीमा पार करने के बाद उन्हें हटना पड़ा था लेकिन 2022 में वे दोबारा लौटे क्योंकि उस समय रतन टाटा ने सदस्यों के लिए कोई तय रिटायरमेंट एज नहीं रखा था।

**अन्य इस्तीफे और नए अवसर :** विजय सिंह के साथ ही दो और सदस्य – जेएलआर के पूर्व सीईओ राल्फ स्पेथ और पिरामल एंटरप्राइजेज के अजय पिरामल – का कार्यकाल भी खत्म हो गया है। इन इस्तीफों के बाद टाटा संस के बोर्ड में अब 6 सदस्य रह गए हैं। कंपनी के नियमों के मुताबिक, टाटा ट्रस्ट्स बोर्ड के एक-तिहाई सदस्यों को नामित कर सकता है। फिलहाल यह आवश्यकता नोएल टाटा (69) और वेणु श्रीनिवासन (72) के जरिए पूरी हो रही है।

# सोने की कीमत में बड़ा उलटफेर, बढ़े दाम

**नई दिल्ली:** सोने-चांदी की कीमतों में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव जारी रहा। कल की गिरावट के बाद आज शुक्रवार (12 सितंबर) को सोना एक बार फिर महंगा हो गया। एमसीएक्स पर सोना 0.55 की बढ़त के साथ 1,09,577 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच चुका है। चांदी की बात करें तो इसने नया लेवल टच किया है। खबर लिखे जाने के समय चांदी की कीमत में 1.12 फीसदी का उछाल आया है, ये 1,28,361 रुपए प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।



राजधानी के सरार्फा बाजार में सोने की कीमतः वृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपए बढ़कर 1,13,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के अबतक के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने यह जानकारी दी। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपए टूटकर 1,28,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में सफेद धातु 1,28,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही थी। इस साल सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। अबतक इसमें 34,150 रुपए यानी 43.25 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 100 रुपए बढ़कर 1,12,600 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, मुद्रास्फीति की चिंता, बढ़ता सार्वजनिक ऋण और अमेरिकी वृद्धि की गति कम होने जैसे बाजार जोखिम बढ़ने के कारण सोने की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) का प्रवाह, विशेष रूप से एशिया में, सोने की कीमतों की तेजी के लिए एक महत्वपूर्ण कारक रहा है।" पीएल कैपिटल के सीईओ (खुदरा ब्रोकिंग एवं वितरण) और निदेशक संदीप रायचुरा के अनुसार, सोने के लिए यह एक शानदार वर्ष रहा है...। यह उछाल केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी, एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडों में मजबूत निवेश, दरों में कई कटौती की उम्मीद और शुल्क से जुड़े लगातार वैश्विक तनावों के कारण हुआ है।"

उन्होंने कहा कि इन कारकों ने सोने को एक सुरक्षित निवेश का विकल्प बना दिया है। हालांकि रिकॉर्ड स्तर पर नए निवेश में अब अस्थिरता का जोखिम है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में नरमी आई और हाजिर सोना 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,621.91 डॉलर प्रति औंस पर रहा। हाजिर चांदी भी 0.35 प्रतिशत घटकर 41.01 डॉलर प्रति औंस रही।

न्यूज IN ब्रीफ

## शहीद अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग ने गुरुवार को जिले के मधुपुर स्थित कजरा गांव पहुंचकर जम्मू-कश्मीर के लद्दाख (सियाचिन) में हिम स्खलन के कारण शहीद हुए देवघर जिला के मधुपुर स्थित कजरा गांव निवासी अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

इसके अलावा उपायुक्त श्री लकड़ा ने ईश्वर से वीर शहीद की आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। ज्ञात हो कि शहीद अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी देवघर जिला के मधुपुर स्थित कजरा गांव के निवासी थे। वे जम्मू-कश्मीर के लद्दाख (सियाचिन) में तैनात थे। अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी देश की सेवा में वीरगति को प्राप्त हुए हैं। अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ पड़े। अपने अपने हाथों में तिरंगा लिए अपने पुत्र वीर जवान को नम आँखों से विदाई में भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम नारे लगाते घाट तक पहुंचे। वहीं तिरंगे में लिपटा वीर शहीद जवान के सम्मान में सैन्य बलों द्वारा किया गया शोक परेड।

## जिले में अवैध परिवहन नहीं होने दिया जाएगा : जिला खनन पदाधिकारी



**दुमका :** जिले केउपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश पर जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) आनंद कुमार ने गुरुवार की अहले सुबह विशेष अभियान चलाया। इस दौरान रानेश्वर थाना अंतर्गत पथरा मोड़ के समीप अवैध तरीके से बालू लादे एक ट्रैक्टर (वाहन संख्या खल-04अउ-0623) को पकड़ा गया।

डीएमओ ने बताया कि कार्रवाई के क्रम में चालक से आवश्यक कागजात मांगे गए, लेकिन प्रस्तुत नहीं किए जा सके। तत्पश्चात ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया तथा चालक, मालिक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध रानेश्वर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

ूचना प्राप्त होते ही खान निरीक्षक मंजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में गुरुवार की सुबह 5:30 बजे छापेमारी की गयी। वाहनों की जांच के दौरान अवैध बालू ले जाते ट्रैक्टर को पकड़ा गया। मौके से लगभग 100 सीएफटी बालू भी जप्त किया गया।

मौके पर उपस्थितडीएमओ आनंद कुमार ने कहा किजिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बुजुर्ग सम्मान योजना लागू करने की मांग

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था जीवन ज्योति ने झारखंड में बुजुर्ग सम्मान योजना शुरू करने की मांग की है। संस्था के केंद्रीय महासचिव मनोज मिश्रा ने काशीडीह में आयोजित बैठक में कहा कि मंईयां सम्मान योजना की तर्ज पर हर बुजुर्ग को तीन हजार रुपये मासिक पेंशन दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बुजुर्ग घरेलू हिंसा, क्रूर बच्चों के भय, आर्थिक व शारीरिक कमजोरी के कारण चुपचाप पीड़ा सहते हैं। ऐसे में उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान करना समय की मांग है। मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जैसे कन्या सम्मान योजना से महिलाओं को सशक्तिकरण मिला है, वैसे ही बुजुर्गों को आर्थिक सशक्तीकरण की आवश्यकता है। बैठक में अध्यक्ष डॉ। अरुण कुमार, आर।बी। सहाय, रवि शंकर, महेश चौबे, शैलेंद्र सिन्हा, शुभश्री दत्ता, रेणु सिंह समेत बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## पीएम आवास योजना : मानगो में 13 लाभुकों को अंतिम नोटिस

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत मानगो नगर निगम क्षेत्र में स्वीकृत 865 आवास में से 852 का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष 13 आवास अधूरे रहने पर निगम प्रशासन ने लाभुकों को सख्त चेतावनी दी है।उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार के निर्देश पर संबंधित लाभुकों को 15 दिन के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का अंतिम नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट है कि यदि निर्धारित अवधि में आवास निर्माण पूरा नहीं हुआ तो शेष राशि दिसंबर के बाद जारी नहीं की जाएगी। साथ ही, पहले से दी गई राशि की वसूली कर कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए लाभुक स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस बीच योजना के नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक दिनेश्वर यादव स्वयं लाभुकों के घर-घर जाकर उन्हें निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित और जागरूक कर रहे हैं। निगम का कहना है कि योजना का लाभ उन्हीं को मिलेगा, जो समय पर अपना घर तैयार करेंगे।

## राशन दुकान से चोरी मामले में तीन पकड़ाये

**बरवाअड्डा :** थाना क्षेत्र के बड़ापिछरी गांव स्थित नुनूलाल दास की राशन दुकान में बीते आठ सिंतबर की रात हुई चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना में शामिल एक अन्य युवक फरार है। घटना को अंजाम देने के बाद दो आरोपी बाइक से भागकर लौहपीटी-बोकारो अपने परिचित के यहां चले गये थे। इसमें से एक आरोपी दुकानदार का रिश्तेदार था। परिचित ने दुकानदार नुनूलाल दास को फोन कर बताया कि बड़ापिछरी निवासी मोहन दास उर्फ सूरज देर रात मेरे घर पहुंचा है। इसके बाद दुकानदार ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मोहन दास को पकड़ लिया। इसके बाद मोहन ने घटना में शामिल युवकों प्रेम दास व मनोज कुमार दास (दोनों बड़ापिछरी) व प्रेम (नावाडीह) का नाम बताया।

# डीआईजी नौशाद आलम ने गंभीर मामलों की समीक्षा कर दिए त्वरित निष्पादन के निर्देश

### लंबित कांडों पर विशेष फोकस, अनुसंधान अधिकारियों को निर्देशित किया गया गंभीरता से लें कार्रवाई

**बिनय मिश्रा**

मेदिनीनगर : पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने आज अपने कार्यालय में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए तीन विशिष्ट कांडों में अनुसंधान अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्तर पर लंबित मामलों का निष्पादन करना पुलिस की जवाबदेही है, जिससे प्रभावितों को समय पर न्याय मिल सके और जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास स्थिर हो सके।

पहला मामला है एससी/एसटी थाना, पलामू का (कांड संख्या 07/2019, जिसमें धारा 147, 148, 149, 323, 307, 504, 447 भादंवि के साथ-साथ एससी/एसटी अधिनियम की उपधाराएँ शामिल हैं। इस मामले के अनुसंधानकर्ता आलोक कुमार टुटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर हैं। डीआईजी ने उन्हें निर्देश दिया है कि गवाहों के बयान शीघ्र




रिकॉर्ड करें और चार्जशीट तैयार करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाए।

दूसरा मामला पांकी थाना कांड संख्या 139/2020 जो आर्थिक अपराधों जैसे धोखाधड़ी और विश्वासघात से संबंधित है। इस मामले के अनुसंधानकर्ता पु.नि. सुरेश राम, अनुसंधान विंग, पलामू एवं निगरानी अधिकारी मनोज कुमार झा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्सीगंज हैं। डीआईजी ने इन अधिकारियों को कहा कि साक्ष्यों को प्रौद्योगिकीय एवं दस्तावेजी रूप से सुदृढ़ करें और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो।

तीसरा मामला चैनपुर थाना कांड संख्या 94/2024 हत्या से संबंधित है, जिसमें धारा 302/34 भादंवि लागू है। अनुसंधानकर्ता क्षितिस कुमार सोनी और थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा को निर्देश दिए गए कि पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और चश्मदीद गवाहों के बयानों को प्राथमिकता दें और तलाशी, गिरफ्तारी एवं चार्जशीट की प्रक्रिया में देरी न होने पाए। डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि थाना भवनों एवं अनुसंधान विंग में लंबित मामलों की सूची तैयार की जाए और सब मामलों में निष्पादन की समय-सीमा तय हो। उन्होंने भरोसा जताया कि इन निदेर्शों के क्रियान्वयन से न्याय मिलने की प्रक्रिया तेज होगी और पुलिस-जनता के बीच विश्वास बढ़ेगा।

## जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की आयोजित बैठक संपन्न



**संवाददाता**

**दुमका :** जिले केशिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक अलोक कुमार सोरेन की उपस्थिति में गुरुवार को जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् (उ्ळढउ) की बैठक आयोजित की गयी।उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने मलूटी मंदिर परिसर के समग्र विकास की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मलूटी में वीआर रूम बनाया जाए ताकि आने वाले पर्यटकों को मंदिरों से जुड़ी ऐतिहासिक एवं धार्मिक जानकारियां वर्चुअल माध्यम से मिल सकें। साथ ही मुख्य मंदिर के सामने पूरे परिसर को रंगीन लाइट से सुसज्जित करने तथा ग्राम गाड़ी योजना के तहत मलूटी तक बस सेवा प्रारंभ करने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में मयूराक्षी रिवर व्यू (सेल्फी ब्रिज) पर पर्यटकों के बैठने के लिए बेंच लगाने एवं संपूर्ण ब्रिज पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग को प्राकलन तैयार करने का निदेश दिया गया।

विश्व पर्यटन दिवस (27 सितम्बर) के अवसर पर जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर पर्यटन से जुड़ी फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित कराने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा उपायुक्त ने सृष्टि पहाड़ (सृष्टि पार्क) एवं सिदो कान्हु मुर्मू शौर्य स्मारक पार्क के विकास और सौंदर्यीकरण (बैठक व्यवस्था, संकेत-पट्ट, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता आदि) के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं संथाल काटा पोखर की बाउंड्री एवं सौंदर्यीकरण को लेकर भी संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक श्री सोरेन ने भी जिले में पर्यटन के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।बैठक में जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जीएसटी दर में संशोधन से कोयला और बिजली सस्ती होगी

**धनबाद :** नई दिल्ली में आयोजित जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक ने कोयला क्षेत्र के कराधान ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। कोयले पर पहले पांच फीसदी जीएसटी के साथ-साथ 400 रुपये प्रतिटन का क्षतिपूर्ति उपकर (सेस) लगता था। परिषद ने अब उपकर हटाने और कोयले पर जीएसटी की दर पांच फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी करने की सिफारिश की है। कोयला मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार नए सुधारों से जी6 से जी17 ग्रेड के कोयले पर कुल कर में कमी आएगी, जो 13.40 रुपये प्रति टन से लेकर 329.61 रुपये प्रति टन तक है। बिजली क्षेत्र के लिए औसत कटौती 260 रुपये प्रति टन है, जिससे उत्पादन लागत में 17 से 18 पैसे/किलोवाट घंटा की कमी आएगी।ये सुधार कोयले पर कर के बोझ को उसके मूल्य निर्धारण के साथ युक्तिसंगत बनाने में भी मदद करेंगे। पहले कोयले की गुणवत्ता पर विचार किए बिना 400 रुपये प्रति टन की एक समान दर से जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर (सेस) लगाया जाता था। इसका निम्न-गुणवत्ता और कम कीमत वाले कोयले पर असमान रूप से प्रभाव पड़ा। उदाहरण के लिए जी-11 नन-कोकिंग कोयला, जो कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा उत्पादित अधिकांश कोयला है, पर कर भार लगभग 65.85% था, जबकि जी2 कोयले पर यह भार 35.64% था। उपकर हटा दिए जाने के बाद सभी प्रकार के कोयले पर कर भार अब 39.81% के एक समान स्तर पर युक्तिसंगत हो गया है। इससे पहले जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की 400 रुपये प्रति टन की एकसमान दर के कारण उच्च सकल कैलोरी मान वाले आयातित कोयले की लैंडिंग लागत भारतीय निम्न-श्रेणी के कोयले की तुलना में कम थी। इससे देसी कोयले को नुकसान होता था। उपकर हटाने से प्रतिस्पर्धा का स्तर समान हो गया है, भारत की आत्मनिर्भरता मजबूत हुई है और अनावश्यक आयात पर अंकुश लगा है। ये सुधार जीएसटी दर को बढ़ाकर 18% करके उलटे शुल्क विसंगति को भी दूर करते हैं। पहले कोयले पर 5% जीएसटी लगता था।

## गोविंदपुर जीटी रोड पर गाड़ी खड़ी मिली तो होगी जब्त : एसएसपी

**संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए एसएसपी प्रभात कुमार गुरुवार को सड़क पर उतरे। उन्होंने ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के सिंह साथ शहर और जिले के कई जाम वाले प्वाइंटों का मुआयना किया। गोविंदपुर जीटी रोड पर चौक-चौराहों का जायजा लेते हुए एसएसपी ने कहा कि जीटी रोड पर गाड़ियां खड़ी मिलीं तो उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त किया जाएगा। एसएसपी ने गोविंदपुर मोड़ पर खड़े छह ऑटो को जब्त करवाया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सड़क पर हो रही अव्यवस्था और जाम की स्थिति के कारणों की पड़ताल की। वे सबसे पहले श्रमिक चौक पहुंचे और वहां की ट्रैफिक व्यवस्था पर संतोष जताया।

इसके बाद स्टेशन रोड, गया पुल, स्टीलगेट, गोविंदपुर मोड़ सहित जिले के प्रमुख जाम वाले स्थलों का भ्रमण किया। एसएसपी ने ट्रैफिक डीएसपी अरविंद सिंह और अन्य अधिकारियों को जाम वाले स्थलों पर संभावित निदान करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग, ठेला-खोमचा और अनियंत्रित वाहनों की वजह से यातायात व्यवस्था बिगड़ती है।

## खेलकूद जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है : बसंत सोरेन

**संवाददाता**

**दुमका :** जिला खेलकूद संघ दुमका द्वारा आयोजित 15वीं इंडोर स्पोर्ट्स 2025 का शुभारंभ गुरुवार को इंडोर स्टेडियम दुमका में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक बसंत सोरेन ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा की खेलकूद जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है यह तन ही नहीं मन को भी मजबूती प्रदान करता है। खेल को खेलने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहां मन भी स्वस्थ रहता है। आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं मंच संचालन सचिव जिला खेलकूद संघ उमाशंकर चौबे ने किया। यह प्रतियोगिता चार दिनों तक चलेगी दिनांक 14 सितंबर 2025 को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में शतरंज, कैरम बोर्ड , बैडमिंटन , ताइक्वांडो, पावर लिफ्टिंग एवं बास्केटबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्युत विभाग के कार्यपालक




अभियंता अमिताभ बच्चन सोरेन, जिला खेल पदाधिकारी तूफान पोद्दार, कर्नल अनिल कमांडिंग ऑफिसर एनसीसी तथा सम्मानित अतिथि के रूप में ब्रेंत्युस मरांडी , शिव कुमार बास्की, मोहम्मद सलाम उपस्थित थे। सभी खेलों का संयोजन निमाई कांत झा द्वारा किया जा रहा है। विभिन्न खेलों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए घनश्याम प्रसाद साह शतरंज, विकास झा एवं चंदन कुमार कैरम बोर्ड, दीपक झा बैडमिंटन, स्मिता आनंद ताइक्वांडो, जयराम शर्मा कराटे विकास कुमार एवं संजीव कुमार पावरलिफ्टिंग तथा दाउद अली बास्केटबॉल उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद साह, शिशिर कुमार घोष, दिनेश मंडल,मधुसूदन मुर्मू,आकाश मंडल, हरिलाल प्रसाद, प्रकाश कुमार, विशाल मरांडी, कोमल कुमारी सहित जिला खेलकूद संघ के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

## गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता: उपायुक्त

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन व चिकित्सकों की टीम को दिनप्रतिदिन स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर व सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।



इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों के साथ चलाए जा रहे विभिन्न विशेष अभियानों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश दिया गया। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना अंतर्गत सभी स्वास्थ्य उपकेन्द्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुमंडलीय अस्पताल एवं जिला अस्पताल/सदर अस्पताल के भवनों के वार्षिक एवं आवधिक रख-रखाव, संचालन, प्रबंधन, मरम्मति हेतु वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर भवनों का जीर्णोद्वार, रंग-रोगन, परिवेश का उन्नयन, लघु चिकित्सीय उपकरण तथा दवा क्रय आदि से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही कुपोषण उन्मूलन पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए उपायुक्त ने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र (टळउ) भेजने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एएनसी जांच एवं नियमित टीकाकरण की अनिवार्यता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। आगे उपायुक्त ने जिले के निमार्णाधीन स्वास्थ्य भवनों एवं उपकेंद्रों के कार्य शीघ्र पूरा करने, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा बाल लिंगानुपात सुधार हेतु पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करने के अलावा मानव संसाधन प्रबंधन से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ0 युगल किशोर चौधरी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, जिला आयुष पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी, अस्पताल उपाधीक्षक, चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीपीएम, डीएएम, डीपीसी (टीबी), बीपीएम व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित रहे।